शुक्रवार, 27 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 17 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 6:15 | सूर्यास्त: 17:01 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : संबंध सूर्यमुखी के फूल होते हैं जो प्रेम व सम्मान की तरफ घूम जाते हैं।



बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया

–पृष्ठ 8

# आर्थिक सुधारों के जनक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन

**नयी दिल्ली :** आर्थिक सुधारों के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार रात यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने सिंह के निधन की घोषणा की। उन्हें गंभीर हालत में रात करीब साढ़े आठ बजे आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था। एम्स ने एक बुलेटिन में कहा कि 26 दिसंबर को ''उनका आयु संबंधी चिकित्सा उपचार जारी था और वह घर पर अचानक बेहोश हो गए।'' बुलेटिन में कहा गया, ''उन्हें घर पर तत्काल होश में लाने के प्रयास किए गए। उन्हें रात आठ बजकर छह मिनट पर दिल्ली एम्स लाया गया। तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें होश में नहीं लाया जा सका और रात 9.51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।'' सिंह ने भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्षों तक देश का नेतृत्व किया। पिछले कुछ माह से उनका स्वास्थ्य खराब था। उनके परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलते ही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी



वाद्रा और सोनिया गांधी अस्पताल पहुंचीं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे सिंह को दुनिया भर में उनकी आर्थिक विद्वता तथा कार्यों के लिए सम्मान दिया जाता था।

## 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित

### व्यक्तिगत हमलों के बावजूद सेवा को लेकर प्रतिबद्ध रहे मनमोहन: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया और कहा कि वह विरोधियों द्वारा अनुचित और व्यक्तिगत हमलों के बावजूद देश की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहे।

### सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक थे मनमोहन, आर्थिक नीति पर गहरी छाप छोड़ी: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताते हुये कहा कि वह भारत के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक थे और उन्होंने देश की आर्थिक नीति पर गहरी छाप छोड़ी।

### मनमोहन का निधन बड़ी क्षति, उन्हें सेवा और विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और कहा कि सिंह को राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा, उनके बेदाग राजनीतिक जीवन तथा उनकी विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन से बहुत स्तब्ध हूं : ममता

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया है। ममता ने गुरुवार रात एक्स पर पोस्ट में लिखा– 'हमारे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन से मैं बहुत स्तब्ध और दुखी हूं।मैंने उनके साथ काम किया था और केंद्रीय मंत्रिमंडल में उन्हें बहुत करीब से देखा था। उनकी विद्वता और बुद्धिमत्ता पर कोई सवाल नहीं था और देश में उनके द्वारा शुरू किए गए वित्तीय सुधारों की गहराई को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है।देश को उनकी बहुत कमी खलेगी और मुझे उनके स्नेह की कमी खलेगी।उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।'

### जब मनमोहन ने कहा था, ''इतिहास मेरे प्रति दयालु होगा''

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद से हटने से कुछ महीने पहले मनमोहन सिंह ने कहा था कि उनका नेतृत्व कमजोर नहीं है और इतिहास उनके प्रति मीडिया द्वारा उस समय प्रकाशित की गई बातों से कहीं अधिक दयालु होगा। मनमोहन सिंह ने जनवरी 2014 में दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था, ''मैं यह नहीं मानता कि मैं एक कमजोर प्रधानमंत्री रहा हूं... मैं ईमानदारी से यह मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्ष की तुलना में अधिक दयालु होगा...। राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है।'' मनमोहन ने अपने अंतिम संवाददाता सम्मेलन में कहा था, ''...परिस्थितियों के अनुसार मैं जितना कर सकता था, उतना किया है...यह इतिहास को तय करना है कि मैंने क्या किया है या क्या नहीं किया है। '' मनमोहन ने उन सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही थी, जिनमें कहा गया था कि उनका नेतृत्व 'कमजोर' है और कई अवसरों पर वह निर्णायक नहीं रहे।

### मैंने अपना मेंटर खो दिया, उन्हें गर्व से याद रखेंगे: राहुल

'मनमोहन सिंह जी ने बहुत ही बुद्धिमत्ता और ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने पूरे देश को प्रेरित किया। श्रीमती कौर और उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मैंने एक मार्गदर्शक खो दिया है। हममें से लाखों लोग जो उनके प्रशंसक थे, उन्हें अत्यंत गर्व के साथ याद करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को उभरती प्रौद्योगिकियों में कुशल बनाने का आह्वान किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें कृत्रिम मेधा (एआई) व मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल प्रदान करने के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। वीर बाल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हो रहे बदलावों और चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत पर जोर दिया और सरकार की युवाओं पर केंद्रित नीतियों का उल्लेख किया। संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि संविधान का समानता का सिद्धांत उन गुरुओं की शिक्षाओं के अनुरूप है, जिन्होंने सभी के कल्याण का समर्थन किया। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्रतिभाशाली युवाओं



को समर्थन व प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह युग मशीनों से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग तक पहुंच गया है। एआई केंद्र में आ गया है और हम देख सकते हैं कि इसका अनुप्रयोग पारंपरिक सॉफ्टवेयर की जगह ले रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम करें, चाहे वह रेलवे हो, सेमीकंडक्टर हो, यात्रा हो या खगोल विज्ञान का क्षेत्र हो। वीर बाल दिवस समारोह में मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों, साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को याद किया और कहा कि उन्होंने मुगल साम्राज्य के उत्पीड़न के आगे समर्पण करने के बजाय अटूट साहस और विश्वास को चुना।

## ईडी के कार्यालय में सीबीआई का छापा

### रिश्वत का आरोपी डिप्टी डायरेक्टर फरार

**शिमला/चंडीगढ़ :** भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में सीबीआई चंडीगढ़ की टीम ने शिमला के स्ट्रॉबेरी हिल्स स्थित ईडी के कार्यालय में छापा मारा। सीबीआई की दबिश से पहले ही रिश्वत का आरोपी ईडी का डिप्टी डायरेक्टर एक बिचौलिए के साथ फरार हो गया। डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय को घंटों खंगालने के बाद सीबीआई ने कई फाइलें और अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी अवैध वसूली की रकम भी साथ ले गए हैं। आरोपियों की तलाश में सीबीआई की टीमें अब जगह–जगह दबिश दे रही हैं। डिप्टी डायरेक्टर के शिमला स्थित आवास पर भी रेड की गई है। मंगलवार देर शाम तक सीबीआई की टीम शिमला में ईडी के दफ्तर को खंगालती रही। शिमला में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के पास धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित एक मामले की जांच चल रही थी। आरोप है कि मामले को निपटाने की एवज में डिप्टी डायरेक्टर की ओर से बिचौलिए के जरिये आरोपियों से लाखों रुपये मांगे थे।

**ईडी दफ्तर को 36 घंटे से खंगाल रही सीबीआई**

सीबीआई की टीम ने मंगलवार सुबह ही ईडी के दफ्तर में दबिश दी। इसके बाद कार्यालय में मौजूद कर्मियों में से न तो किसी को बाहर जाने दिया गया और न ही किसी को अंदर आने दिया गया। मंगलवार को शुरू हुई रेड बुधवार देर शाम तक जारी रही।

## मुख्यमंत्री 30 दिसंबर को संदेशखाली के दौरे पर जाएंगी

### छह जनवरी को गंगासागर

■ संदेशखाली में 20 हजार लाभुकों में लक्ष्मी भंडार व बांग्लार बाड़ी परियोजना की राशि करेंगी हस्तांतरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नए साल से पहले साल के अंत में आखिरकार उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के दौरे पर जाने का फैसला किया है। ममता ने गुरुवार को खुद इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वह 30 दिसंबर को एक सरकारी कार्यक्रम के लिए संदेशखाली जाएंगी। राज्य सचिवालय नवान्न में मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कई लोगों ने मुझसे पूछा कि आप संदेशखाली नहीं गईं। मैंने संदेशखाली के लोगों से वादा किया था कि चुनाव बाद वहां के दौरे पर आऊंगी, लेकिन व्यस्तता के चलते बीच में मैं वहां नहीं जा सकी। मैं 30 दिसंबर को संदेशखाली जाऊंगी। उस दिन, दोपहर 1 बजे से संदेशखाली में होने वाले कार्यक्रम में ममता लगभग 20 हजार लाभुकों को लक्ष्मी भंडार और



बांग्लार बाड़ी परियोजना के तहत राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण करेंगी। इसमें संदेशखाली व आसपास के क्षेत्र के कुछ लाभुकों को वह अपने हाथ से चेक व प्रतीक चिह्न प्रदान प्रदान करेंगी।

**छह जनवरी को गंगासागर जाएंगी ममता**

ममता ने आगे बताया कि छह जनवरी को वह गंगासागर जाएंगी। हर साल मकर संक्रांति पर गंगासागर मेले से पहले तैयारियों का जायजा लेने ममता वहां के दौरे पर जाती हैं। ममता ने कहा कि गंगासागर मैं सबसे पहले भारत सेवाश्रम संघ के परिसर में जाऊंगी। वहां से कपिलमुनि मंदिर जाऊंगी। नौ जनवरी से गंगासागर मेला शुरू होगा। आठ जनवरी को ममता कोलकाता के बाबूघाट जाएंगी, जहां गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर लगता है। ममता वहां से ई–वेसल का भी उद्घाटन करेंगी, जो राज्य की शिपिंग कंपनी ने विकसित किया है। यह ई–वेसल हुगली नदी में हावड़ा से बेलूरमठ व दक्षिणेश्वर के बीच चलेगा। उससे पहले दो जनवरी को ममता नवान्न में प्रशासनिक बैठक भी करेंगी।

**पांच–छह फरवरी को होगा बीजीबीएस**

ममता ने आगे दोहराया कि कोलकाता में पांच और छह फरवरी को बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) का आयोजन होगा, जिसमें देश–विदेश के उद्योगपति हिस्सा लेंगे। ममता ने कहा कि कालीघाट में स्काईवाक का काम भी अंतिम चरण में है। उन्होंने संकेत दिया कि काम पूरा हो जाने पर बीजीबीएस से पहले फरवरी के पहले हफ्ते में वह स्काईवाक का उद्घाटन करेंगी।

**एक जनवरी को मनेगा तृणमूल का स्थापना दिवस**

ममता ने सभी को नववर्ष की भी अग्रिम शुभकामनाएं दीं। ममता ने कहा कि एक जनवरी को हमारी पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) का स्थापना दिवस भी है। हम हर साल उस दिन को मां–माटी–मानुष दिवस के रूप में मनाते हैं। तृणमूल द्वारा बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें लाखों बोतल खून इकट्ठा किया जाता है, जिससे कई असहाय लोगों या दुर्घटनाग्रस्त या अन्य घटनाओं वाले लोगों को सहायता मिलती है।

## अजमेर दरगाह के पास चला बुलडोजर, कई दुकानों को किया ध्वस्त

**अजमेर :** अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स से पहले दरगाह इलाके में नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट, अढ़ाई दिन का



झोपड़ा, दिल्ली गेट सहित अन्य इलाकों में निगम का पीला पंजा चला। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नगर निगम के साथ दरगाह थाना पुलिस और बड़ी संख्या में लाइन का जाप्ता भी मौजूद रहा। यह कार्रवाई नालियों और सड़कों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए की जा रही है। निगम अधिकारियों के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर हुए अतिक्रमण से आमजन को भारी परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध बढ़ने पर पुलिस और लोगों के बीच झड़प भी हो गई। स्थिति को काबू में रखने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उर्स से पहले क्षेत्र को सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए की जा रही है। अतिक्रमण हटाने के बाद यातायात और पैदल चलने वालों को राहत मिलेगी।

## क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं बैंक: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है जिसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं। एनसीडीआरसी ने अपने फैसले में कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर ग्राहकों से अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार है। यह फैसला सिटीबैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, एचएसबीसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक द्वारा एनडीसीआरसी के सात जुलाई, 2008 के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर आया है। आयोग ने कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दरें बहुत अधिक हैं और उधारकर्ताओं के शोषण की तरह हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ



ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी 'अवैध' है और भारतीय रिजर्व बैंक की शक्तियों के स्पष्ट, सुस्पष्ट प्रत्यायोजन में हस्तक्षेप है। न्यायालय ने कहा कि आयोग का 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर न लेने के बारे में दिया गया निर्णय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के विधायी उद्देश्य के विपरीत है। शीर्ष अदालत ने 20 दिसंबर के अपने फैसले में कहा कि बैंकों ने क्रेडिट कार्ड धारकों को धोखा देने के लिए किसी भी तरह से कोई गलतबयानी नहीं की थी और 'भ्रामक व्यवहार' एवं अनुचित तौर–तरीकों की पूर्व–शर्तें नदारद थीं। न्यायालय ने कहा कि एनसीडीआरसी के पास बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड धारकों के बीच किए गए अनुबंध की उन शर्तों को फिर से तय करने का कोई अधिकार नहीं है जिसपर दोनों पक्षों ने आपसी सहमति जताई थी। पीठ ने कहा, ''हम भारतीय रिजर्व बैंक की इन दलीलों से सहमत हैं कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में किसी भी बैंक के विरुद्ध कार्रवाई करने का आरबीआई को निर्देश देने का सवाल ही नहीं पैदा होता है।'' इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत जारी परिपत्रों/ निर्देशों के उलट समूचे बैंकिंग क्षेत्र या किसी एक बैंक को ब्याज दर पर सीमा लगाने का रिजर्व बैंक को निर्देश देने का सवाल नहीं उठता है।

## जब तक द्रमुक सरकार हट नहीं जाती, सैंडल नहीं पहनूंगा: अन्नामलाई



**कोयंबटूर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब तक द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार हट नहीं जाती तब तक वह सैंडल नहीं पहनेंगे और नंगे पैर चलेंगे। अन्नामलाई ने कहा कि वह 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे अपने घर के बाहर खुद को छह बार कोड़े मारेंगे ताकि लोगों का ध्यान अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न की घटना की ओर जाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आरोपी गणसेकरन द्रमुक का पदाधिकारी है, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी ने इसका खंडन किया है। भाजपा नेता ने द्रमुक नेताओं के साथ आरोपी की तस्वीरें दिखाते हुए आरोप लगाया कि वह सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा का पदाधिकारी है। वहीं तमिलनाडु के कानून मंत्री एस रघुपति ने कहा कि यौन उत्पीड़न मामले का आरोपी द्रमुक का प्राथमिक सदस्य भी नहीं है। भाजपा नेता यहां संवाददाताओं से कहा कि चूंकि आरोपी द्रमुक से जुड़ा है इसलिए पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। उन्होंने ऐसे अपराधों को रोकने के लिए निर्भया निधि के इस्तेमाल के बारे में जानना चाहा। अन्नामलाई ने प्राथमिकी लिखने के तरीके पर भी सवाल उठाए और कहा कि इसे इस तरह से लिखा गया है जैसे कि पीड़िता ने कोई अपराध किया हो। उन्होंने कहा, ''द्रमुक (सरकार) को पीड़िता की पहचान उजागर करने में शर्म आनी चाहिए।'' उन्होंने घोषणा की कि जब तक द्रमुक सरकार नहीं हट जाती तब तक वह जूते नहीं पहनेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि वह भगवान मुरुगा की पूजा करके 48 दिन का 'विराथम' (आध्यात्मिक व्रत) करेंगे और फरवरी 2025 तक राज्य के सभी छह 'अरुपदई' मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे।

### कीमत अंतर को लेकर ऐप आधारित टैक्सी सेवा देने वाली कंपनियों की होगी जांच

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एंड्रॉयड और एप्पल फोन पर एक ही गंतव्य के लिए कथित तौर पर अलग–अलग किराया वसूलने के लिए ऐप के जरिये टैक्सी बुकिंग की सेवा देने वाली कंपनियों की जांच होगी। यह जांच केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) करेगा। जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''यह पहली नजर में अनुचित व्यापार व्यवहार जैसा लगता है। यह उपभोक्ताओं के पारदर्शिता के अधिकार की उपेक्षा है।'' केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को विस्तृत जांच करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। जांच के दायरे में खाने–पीने के सामान की डिलिवरी और टिकट बुकिंग ऐप सहित अन्य क्षेत्र आएंगे। जोशी ने कहा, ''उपभोक्ता शोषण को सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।'' यह जांच एक ही यात्रा के लिए अलग–अलग मोबाइल मंचों पर मूल्य में अंतर के बारे में मीडिया में आई रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है।

### सीए फाइनल का रिजल्ट जारी, 11500 हुए पास

**नयी दिल्ली :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की तरफ से सीए फाइनल का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। रिजल्ट चेक करने के लिए कैंडिडेट्स को ICAI CA की ऑफिशियल वेबसाइट- icai.nic.in और icai.org पर जाना होगा। रिजल्ट के साथ–साथ ICAI ने टॉपर्स की लिस्ट भी जारी की है। सीए फाइनल नवंबर सेशन की परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया है। इस साल सीए फाइनल में कुल 11500 कैंडिडेट्स पास हुए हैं। सीए फाइनल परीक्षाएं 3 से 14 नवंबर 2024 तक आयोजित की गई थीं। वहीं ग्रुप 1 की परीक्षाएं 3, 5 और 7 नवंबर 2024 को हुई थीं। जबकि, ग्रुप 2 की परीक्षाएं 9, 11 और 14 नवंबर 2024 को आयोजित हुई थीं। अब इस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी हो गया है।

## ब्रिटिश शासकों ने भारत के इतिहास को विकृत किया: मोहन भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के ब्रिटिश शासकों ने यह संदेश फैलाने के लिए देश के इतिहास को विकृत किया कि स्थानीय आबादी खुद पर शासन करने के लिए अयोग्य है। भागवत ने कहा, ''1857 में, भारत के ब्रिटिश शासकों को एहसास हुआ कि असंख्य जातियों, संप्रदायों, भाषाओं, भौगोलिक असमानताओं और भारतीयों के आपस में लड़ने के बावजूद वे तब तक एकजुट रहेंगे जब तक कि वे विदेशी आक्रमणकारियों को देश से बाहर नहीं निकाल देते।'' वह नागपुर में सोमलवार एजुकेशन सोसाइटी के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर 21वीं सदी में शिक्षकों



की भूमिका पर एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''ब्रिटिश शासकों ने कुछ ऐसा करने का निर्णय लिया जिससे भारतीयों की यह विशेषता समाप्त हो जाए और यह सुनिश्चित हो जाए कि ब्रिटिश शासन हमेशा के लिए बना रहे। उनका उद्देश्य भारतीयों के मन से उनके इतिहास, पूर्वजों और गौरवपूर्ण विरासत को भुला देना था। इस उद्देश्य के लिए, अंग्रेजों ने तथ्यों की आड़ में हमारे दिमाग में कई झूठ डाल दिए।'' भागवत ने कहा, सबसे बड़ा झूठ यह था कि भारत में ज़्यादातर लोग बाहर से आए थे। ऐसा ही एक झूठ यह है कि भारत पर आर्यों ने आक्रमण किया था जिन्होंने द्रविड़ों से लड़ाई की थी। उन्होंने प्रचार किया कि खुद शासन करना भारतीयों के खून में नहीं है और यहां के लोग धर्मशालाओं में रहने वालों की तरह रहते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि 21वीं सदी में कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में भी शिक्षक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी प्रौद्योगिकी के कारण बहुत सारे ज्ञान से अवगत है, लेकिन शिक्षक जीवन बदल सकते हैं। भागवत ने कहा, ''देखने और अवलोकन का मतलब सीखना है। हम पढ़ने और सुनने के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं... आपके पास मौजूद जानकारी का उपयोग कैसे करना है, यह दृष्टि और अवलोकन से सीखा जाता है।''

## भागवत की चिंताएं नजरअंदाज न करें

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में दिए वक्तव्य में धर्म के नाम पर पैदा की जा रही गलतफहमियां दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राममंदिर बनना तो ठीक है लेकिन इस तरह के नये-नये मंदिर विवाद खड़ा करना देश की सामाजिक समरसता के लिये ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकारा कि विविधता हमारा वर्तमान तो है लेकिन ये हमारे अतीत का हिस्सा भी रहा है। देश में विभिन्न धर्म-संस्कृति के लोग आते रहे हैं। प्रारंभिक मतभेद और कटुता को दूर करके भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते रहे हैं। जिससे विविधता के बीच एकता के सूत्र विकसित होते रहे हैं। यही वजह है कि बाद में कानून के जरिये तय हुआ कि आजादी के वक्त पूजा स्थल का जैसा स्वरूप रहा, उसे यथास्थिति में बनाये रखा जाये। निश्चित रूप से ऐसे विवादों को हवा देने से सामाजिक समरसता पर आंच आएगी व देश का विकास बाधित होगा। इसके बाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व कतिपय अन्य धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बयान को भागवत की निजी राय बताया। निश्चित रूप से भागवत का बयान समय की आवाज है और बकौल भागवत धर्म की सतही समझ से सांप्रदायिक कट्टरता को बढ़ावा मिलता है। लेकिन यह बात विचारणीय है कि भागवत के बयान के विरोध में तो आवाजें उठी, लेकिन संघ प्रमुख के बयान के समर्थन में संघ के आनुषंगिक संगठनों व भाजपा नेताओं की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह के ऐसे बयानों के समर्थन में पार्टी नेताओं में बयानबाजी की होड़ पैदा हो जाती है। समय की मांग है कि संघ प्रमुख के बयान में निहित संदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि संघ की स्थापना के मूल में हिंदुत्व की विचारधारा रही है। यही इस संगठन का आधार भी रहा है। ऐसे में जब संगठन की तरफ से प्रगतिशील विचार सामने आता है तो उसे सुना जाना चाहिए। उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

निस्संदेह, धर्म एक जटिल मुद्दा है और इसके वास्तविक स्वरूप को समझे जाने में चूक होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते सांप्रदायिकता को बढ़ावा मिलने की आशंका बलवती होती है। वहीं सवाल उठता है कि क्या भागवत के बयान वाला दृष्टिकोण संगठन में उदारवादी व सख्त नीति के बीच विभाजित हो रहा है? यही वजह है कि संघ व भाजपा नेताओं की तरफ से इस बयान को सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला है। इस बयान को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां कट्टरपंथियों के वर्चस्व के रूप में देखा जा सकता है। भागवत की चिंताओं को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरी दुनिया में इस्लामिक कट्टरता के चलते संप्रदाय को अतिवाद के पोषक के रूप में देखा जाता रहा है। जिसके चलते इसकी छवि धूमिल हुई है। ऐसे ही यदि बहुसांस्कृतिक देश में कट्टरवाद को प्रश्रय दिया जाता है तो वैश्विक संदर्भ में देश की छवि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। धर्म विशेष के नाम पर दुनिया में आतंकवाद की जो मुहिम चली है, उससे धर्म को हिंसा के पर्याय के रूप में देखा जाने लगा है। जिसको लेकर धारणा बनी है कि इससे धर्म की गलत व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से ऐसे ध्रुवीकरण के प्रयासों से देश में विकास का एजेंडा हाशिये पर चला जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए जहां नित नये विवादों को तूल देने के कारण सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि देखी गई। उदाहरण के तौर पर संभल में हुई घटना को देखा जा सकता है, जहां हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। ऐसे कृत्यों से भारत के विश्वगुरु बनने के दावे तथा वसुधैव कुटुंबकम की सनातन परंपरा पर आंच आती है। जिसके लिए जरूरी है कि हमें अपनी बात को ऊंचा रखकर दूसरे विचार की अनदेखी की जिद से बचना होगा। हम अपनी आस्था का ख्याल तो रखें लेकिन साथ ही दूसरे पक्ष के विचार का भी सम्मान करें। ऐसे में देश के कर्णधारों को चाहिए कि वे सत्ता पर काबिज रहने के लिये धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति से बचें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 दिसम्बर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष द्वादशी, 26:24 तक, नक्षत्र : विशाखा, 20:18 तक, योग : धृति, 22:30 तक, सूर्योदय: 6:15, सूर्यास्त: 17:01 चन्द्रोदय : 02:50, चन्द्रास्त: 13:53, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:18 से 11:37

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का दिन बेहद खास है। आपका दिन लाभ से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। भूमि और जायदाद से जुड़े कामों में अच्छा मुनाफा होगा।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए ग्रहों की स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण है। आपको हर काम में सफलता मिलेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको साहसी बनाएगी, जिससे आप अपने काम पूरे कर पाएंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को आज अपनी बातों का ध्यान रखना चाहिए। किसी को बुरा ना लगे, इसका ख्याल रखें। अपनी जरूरतें खुलकर बताएं। अगर पैसा कहीं फंसा है तो आज मिल सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को आज छोटे भाई-बहनों का साथ नहीं मिलेगा। अपने स्वभाव पर ध्यान दें और मेहनत से काम करें। ऐशो-आराम की चीजों पर खर्चा ज्यादा होगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के मन में दान-पुण्य की भावना बढ़ेगी। आप ज्यादातर समय धार्मिक कामों में बिताएंगे। आत्मविश्वास से किए गए कामों में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन भाग्यशाली है। अगर आपकी तबीयत खराब चल रही थी तो उसमें सुधार होगा। बच्चों से अच्छी खबर मिल सकती है। भतीजे से मदद मिलने के योग हैं।

**तुला :** तुला राशि के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा में बदलाव का समय है। पढ़ाई में आपकी रुचि बढ़ेगी। नई चीजें सीखने में कामयाब होंगे। आप अपनी बातों को सही साबित कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को आज आमदनी से ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। बच्चों के अच्छे कामों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपने धैर्य और बुद्धि से दुश्मनों पर जीत हासिल करेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों के ज्ञान में वृद्धि होगी। मेहनत से आपकी मनोकामना पूरी होगी। सरकार से आपको सम्मान मिल सकता है। शाम को धार्मिक कार्यों में समय बिताएंगे। शुभ कार्यों पर खर्च होगा।

**मकर :** मकर राशि वालों को आज पुराने खजाने या पूर्वजों से धन मिल सकता है। आपकी रुचि तंत्र-मंत्र में बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह ना दें। रात में धार्मिक कामों में समय बिताएंग।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों की कमाई बढ़ाने की कोशिशें सफल होंगी। अच्छे तरीकों से धन लाभ होगा। आज का दिन भाग्यशाली है। हर क्षेत्र में फायदा होगा। दोस्तों का साथ मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों की संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। ननिहाल से सम्मान मिलेगा। पत्नी और उसके परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी में दुश्मन आपकी चुगली कर सकते हैं।

# माइक्रोस्कोप-टेलीस्कोप से जगत को परखने वाले श्याम



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

माइक्रोस्कोप-टेलीस्कोप से जगत को देखने वाले श्याम बेनेगल नहीं रहे, उनकी अनुपस्थिति ने फिल्मी दुनिया को दहला दिया। मृत्यु एक न एक दिन बारी-बारी से या अचानक कहीं भी किसी के चौखट पर पहुँच जाती है। और जहां मौत पहुँचती है, वहीं मातम छा जाता है, हालांकि विद्वानों ने मौत को पवित्र बताने का प्रयास किया है। मौत पवित्र हो या अपवित्र, बात यह है कि मौत श्याम बेनेगल को निगल गई। श्याम बेनेगल की उम्र 90 साल थी।

उनकी भूमिका अपराजेय रही है, उन्होंने फिल्म निर्माण की राह अपनायी थी। फिल्म निर्माण में ऐसी महान शख्सियत खोजने पर भी दुर्लभ है।भारत के फिल्म प्रेमियों ने श्याम बेनेगल के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कौन ऐसा व्यक्ति होगा जिसकी आंखें श्याम बेनेगल की मृत्यु पर नम न हुईं हों। उनकी मृत्यु पर चारों तरफ शोक की लहर छा गई; शोकवार्ताओं की बाढ़ आ गयी। फिल्म की हस्तियों ने शोक प्रकट किया। चारों तरफ दु:ख का माहौल तैयार हो गया। यह सच है कि दु:ख का माहौल खत्म होगा।

फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आने वाले समय में बड़े-बड़े फिल्म निर्माता निश्चित रूप से फिल्म निर्माण करने के लिए आगे आयेंगे। उन्हें सफलता भी मिलेगी। जाहिर-सी बात है, जो सफल होता है,उसे कुछ न कुछ काम करना पड़ता है और जब कोई कुछ करने के लिए निकल जाता है, तब निश्चित रूप से कुछ न कुछ हो ही जाता है, यही समाज की जरूरत है। यही काम को अंजाम देने की बुनियादी समझदारी है । इसी समझ को अमली जामा पहनाने का प्रयास श्याम बेनेगल ने अपने कालखंड में किया।

श्याम बेनेगल ने अपने कालखंड को फिल्मों के जरिये सम्बोधित किया। उनका यह सम्बोधन हर स्तर पर लोकवर्तिका का काम करता है। फिल्म जगत के आलोचकों ने श्याम बेनेगल के सम्बन्ध में यह कहा कि उन्होंने अपनी फिल्मों के जरिये बेजुबानों को जुबान दी।

श्याम बेनेगल की फिल्मों में भारतीयत्व बोलता है। इस देश की मिट्टी की पहचान और उसका रंग श्याम बेनेगल की फिल्मों में आदि से अंत तक विद्यमान है। श्याम बेनेगल ने हिंदी फिल्म जगत को एक नया क्षितिज भी दिया; उन्होंने उसे जमीन भई दी। जमीन के बिना क्षितिज का महत्त्व ही क्या है, इस सच के अर्थ को श्याम बेनेगल अच्छी तरह जानते थे, इसलिए उन्होंने फिल्मी जगत को आधार भी दिया और अधिष्ठान भी।

श्याम बेनेगल ने फिल्म जगत में श्रम की भूमिका को स्थापित किया। इस चकाचौंध की दुनिया में यह भी जरूरी है कि मेहनत की भी पूजा हो। अपने फिल्म निर्माण के जरिये श्याम बेनेगल ने यह प्रमाणित किया कि मेहनत के बिना इस दुनिया में टिकना कठिन है। जहां इतिहास को धत्ता बताया जाता है, जहां संघर्षशील के संघर्ष पर सफेद चादर ओढ़ा दिया जाता है, जहां प्रचार की आखिरी बात बोलता है,जहां अर्थबल ही सारी चीजों को नियंत्रित करता है, ऐसी जगह में श्याम बेनेगल ने फिल्म निर्माण के माध्यम से बताया कि श्रम की भूमिका ही सबसे बड़ी भूमिका होती है। सही मायने में श्याम बेनेगल ने फिल्मी आलस्य भाव को तोड़ने की कोशिश की, इस कोशिश में उन्हें पूर्ण सफलता मिली। फिल्मों के जरिये इतिहास की ताकत को पहचानने की कोशिश श्याम बेनेगल की अनोखी थी। श्याम बेनेगल को भारत से मुहब्बत थी। यही कारण है कि उन्होंने देश के गौरव को बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने भारतीय मनीषा की ऊर्जस्विता को रेखांकित किया; यही कारण है कि उनकी आवाज ने भारत के इस कोने को उस कोने से जोड़ने का प्रयास किया।

उनकी फिल्मों में जोड़ने की ताकत उभर कर आयी है, संस्कृति के संवर्द्धन करने की क्षमता उनकी फिल्मों की प्राण वायु है। उन्होंने संघर्ष की राह पर प्रतिभा को निखारा। प्रतिभा को निखारने की कला में पारंगत श्याम बेनेगल ने फिल्मी जगत में कलाकारों की एक फौज तैयार की, जो फौज अनंत काल तक भारतीय फिल्मों की गरिमा को विश्व मंच पर आलोकित करती रहेगी। सच को मधुरता के साथ उपस्थित करना श्याम बेनेगल की प्रतिभा थी। जीवन के तमाम कोने को श्याम बेनेगल ने अपने नजर से झांकने का दृष्टांत स्थापित किया। इस दृष्टांत ने उन्हें फिल्मी जगत में एक महान फिल्म निर्माता के रूप में स्थापित किया। यदि गंभीरता से उनके कार्यों पर विचार किया जाए,तो स्पष्ट होगा कि श्याम बेनेगल अपने समय के गोताखोर थे और अपने समय के जादूगर भी।

श्याम बेनेगल के फिल्मों की समीक्षा करने के बाद फिल्म समीक्षकों ने यह कहा कि श्याम बेनेगल इतिहास में गोता लगाते हैं। जहां चारों तरफ इतिहास को खत्म करने की कुचेष्टा की जाती है, वहीं श्याम बेनेगल ने इतिहास के गह्वर में गोता लगाया है। उनकी



नजर में महान कार्यों को कलंकित करना आसान नहीं होता है। खासकर आजादी के संधर्ष के दरम्यान जिन योद्धाओं ने देश को आजाद करने के लिए अपनी बौद्धिकता को स्थापित किया, उस बौद्धिकता को किसी कीमत पर म्लान नहीं किया जा सकता है। श्याम बेनेगल का यही विश्वास है कि आसमान में उड़ते ध्वज अम्लान हैं। उन्होंने भरतीय ध्वज की विविधता में विश्वास व्यक्त किया है। यही विश्वास समाज को जोड़ता है।

यही कारण है कि श्याम बेनेगल को इस दुनिया ने स्वीकार किया। उन्हें कई पुरस्कार हासिल हुए। 18 पुरस्कारों को फिल्मी जगत में प्राप्त करना आसान नहीं होता है। उन्हें कार्यों को अंजाम देने की खातिर न केवल पुरस्कार मिला, बल्कि उन्हें डिग्री भी मिली। कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.लिट. की मानद उपाधि दी। आई टी एम यूनिवर्सिटी ने श्याम बेनेगल को डी.लिट. की मानद उपाधि दी। उन्हें सन् 1991 में पद्म भूषण दिया गया। सन् 1976 में उन्हें पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें होमी भाभा फेलोसिप, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार, ए एन आर राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला । श्याम बेनेगल ने फिल्म निर्माण के लिए पुरस्कास और डिग्रियां हासिल की। इसके अतिरिक्त दुनिया के महत्त्वपूर्ण फिल्म फेयर पुरस्कार भी श्याम बेनेगल को मिले।

कान फिल्म महोत्सव, बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, मॉस्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव,ऑल लाइट्स इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल का सम्मान समय-समय पर बड़े उत्साह के साथ किया गया। 'जुनून' फिल्म के लिए उन्हें 1980 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार कान फिल्म महोत्सव में दिया गया। 'अंकुर' फिल्म के लिए उन्हें मॉस्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से सम्मानित किया गया। 'निशांत' फिल्म के लिए उन्हें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पुरस्कार दिया गया।

सूरज का सातवां घोड़ा के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार भी दिया गया। उन्होंने सत्यजीत राय पर सर्वश्रेष्ठ जीवनी फिल्म निर्माण किया था। ऐतिहासिक पुनर्निमाण के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने भारत एक खोज पर ऐतिहासिक पुनर्निमाण का काम किया था। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर फिल्म बनायी।

'अंकुर', 'निशांत', 'मंथन', 'भूमिका', 'जुनून', 'आरोह' उनकी प्रसिद्ध फिल्म है। श्याम बेनेगल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला। इस तरह यह कहा जा सकता है कि श्याम बेनेगल के फिल्मों की विषय-वस्तु विस्तृत थी। जिन विषयों को अक्सर फिल्मी जगत में स्थान नहीं दिया जाता है, उन विषयों को श्याम बेनेगल ने फिल्मी जगत में स्थापित किया। यही कारण है कि उनकी फिल्मों में समाज के प्राय: सभी समुदाय के लोगों को स्थान मिला है। उन्होंने अपनी फिल्मों में अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य की मर्यादाओं को स्थान दिया है। यही कारण है कि श्याम बेनेगल की फिल्मों ने जनता के हृदय का स्पर्श किया है। इस स्पर्श में प्रेम की महत्ता को स्थान दिया।

श्याम बेनेगल ने फिल्मी जगत को शबाना आजमी, नसीरुद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, कुलभूषण खरबंदा, अमरीश पुरी जैसे कलाकारों से महिमामंडित किया। इन कलाकारों ने अपली कला से देश की सच्चाइयों को प्रकट करने की भूमिका निभाई। उन तमाम भूमिकाओं को श्याम बेनेगल की फिल्मों में देखा जा सकता है। श्याम बेनेगल ने परिस्थितियों की जड़ता को फिल्मी जगत में तोड़ा है, यही कारण है कि उनकी फिल्मों ने दर्शकों को अपनी ओर खींचा है। उनकी फिल्म दृष्टि अहंकार से काफी दूर रही है। यही कारण है कि फिल्म समीक्षक मैल्कम ने श्याम बेनेगल के सम्बन्ध में लिखा है कि श्याम बेनेगल ने असाधारण दिनों की कहानी को सहज तरीकों से कहने का नया तरीका इजाफा किया।

श्याम बेनेगल ने धारावाहिक भी बनाया है। जवाहर लाल नेहरू की पुस्तक 'भारत एक खोज' पर 53 एपिसोड का निर्देशन किया। लगातार दो दशकों तक फिल्म निर्माण करना सहज नहीं होता है, इस असहज कार्य को उन्होंने बड़ी सहजता के साथ पूरा किया है। 'त्रिकाल' फिल्म में उन्होंने मानवता को एक नया आयाम दिया है। उन्होंने कथा को पारंपरिक जड़ता से बाहर निकालते हुए यह बताया कि कथा सिर्फ बिम्ब-फंतासी का ही समावेश नहीं है। श्याम बेनेगल को कपोल-कल्पना पर उतनी आस्था नहीं है।उन्होंने जमीनी यथार्थ को अपनी फिल्मों में स्थान दिया है। यथार्थ या नव-यथार्थ की वकालत करना ही उनकी फिल्मों का उद्देश्य नहीं है; उन्होंने यथार्थ और नव-यथार्थ के सृजनधर्मी पहलुओं पर नजर डाली है।

श्याम बेनेगल ने महात्मा गांधी पर फिल्म बनायी। 'द मेकिंग ऑफ द महात्मा' फिल्म में गांधी के जीवन के कई शानदार पहलू सामने आये हैं। उनकी एक फिल्म है 'समर', जिस फिल्म में उन्होंने देश की जाति व्यवस्था पर जबर्दस्त चोट की है। इस चोट ने जातिवाद के समर्थकों को जमीन पर लाकर पटक दिया है। उन्होंने महिलाओं से सम्बन्धित विषयों को भी फिल्म में स्थान दिया है। वेल्कम टू सज्जनपुर उनकी प्रसिद्ध फिल्म है। श्याम बेनेगल का 'यात्रा' धारावाहिक भी काफी प्रसिद्ध हुआ। यह धारावाहिक रेलवे से जुड़ा हुआ था। हालांकि श्याम बेनेगल ने अपनी कार्यशैली का आरंभ विज्ञापन एजेंसी से किया था, लेकिन काम के प्रति उनकी निष्ठा ने उन्हें शिखर पर पहुँचा दिया। जिस शिखर की छाया को छूना कठिन है। श्याम बेनेगल ने सही मायने में फिल्म-निर्देशन, पटकथा-लेखन और वृत्तचित्र की जमीन को उर्वर बनाया; यह उर्वरता हर तरह की फसलों को जीवनदायिनी गंगा के जल से सींचती रहेगी,जिसे माइक्रोस्कोप-टेलीस्कोप से देखना संभव है। श्याम बेनेगल ने जीवन भर यही देखा।

# मिर्जा गालिब: शायरी और गजल के शिखर फनकार थे



ललित गर्ग

मिर्जा असदुल्लाह बेग ख़ान, जो अपने तख़ल्लुस ग़ालिब से जाने जाते हैं, उर्दू एवं फ़ारसी भाषा के एक महान शायर थे। इनको उर्दू भाषा का सर्वकालिक एवं सार्वदैशिक महान शायर माना जाता है और फ़ारसी कविता के प्रवाह को हिन्दुस्तानी जबान में लोकप्रिय बनाने वाले वे एक महान् फनकार थे। हर मोहब्बत करने वाला आशिक मिर्जा गालिब के शेर, शायरी और गजल जरूर पढ़ता है। हर कोई उनकी शायरी का कायल है। मिर्जा ग़ालिब सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे एवं गहन संवेदनाओं के शिखर सृजनकार थे। ग़ालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। ग़ालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किए हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। गालिब ने शायरी और गजल को एक नया रूप दिया। गालिब के पहले गजल को केवल प्रेम के संदर्भ में देखा जाता है लेकिन उन्होंने गजल में ही जीवन के दर्शन और रहस्यों को दर्शाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी शायरी के कारण वे न सिर्फ हिन्दुस्तान बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर हैं। आज भी उनका नाम बड़े अदब के साथ लिया जाता है।

गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक मानवीयता, भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था। इसीलिए उन्हें पत्र-पुरोधा भी कहा जाता था। आज भी उनके पत्रों को उर्दू साहित्य में एक अहम विरासत माना जाता है। मिर्जा गालिब ने 11 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी पहली कविता लिखी थी। मिर्जा गालिब की मातृभाषा उर्दू थी लेकिन तुर्की और फारसी भाषाओं पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अरबी, फारसी, दर्शन और तर्कशक्ति का भी अध्ययन किया था।

गालिब इश्क को जीते थे। वह इश्क का आखिरी छोर थे। उनकी नज्में और शेर ने सालों साल इश्क की तहजीब दुनिया को दी है। अगर हम यूं कहें कि इश्क गालिब से शुरू होता है तो यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होगी। उनका हर शेर एक जिंदादिल आशिक की तरह इश्क की रस्मों को निभाता है। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नए ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है।

मिर्ज़ा का जीवन अनेक विलक्षणताओं एवं विशेताओं का समवाय था। उनके विषय में पहली बात तो यह है कि वह अत्यन्त शिष्ट, शालीन

**मिर्जा गालिब जयन्ती- 27 दिसम्बर, 2024**

एवं मित्रप्रेमी थे। जो कोई उनसे मिलने आता, उससे खुले दिल से मिलते थे। इसीलिए जो आदमी एक बार इनसे मिलता था, उसे सदा इनसे मिलने की इच्छा बनी रहती थी। मित्रों के प्रति अत्यन्त वफ़ादार थे। उनकी खुशी में खुशी, उनके दुःख में दुःखी। मित्रों को देखकर बाग़-बाग़ हो जाते थे। उनके मित्रों का बहुत बड़ा दायरा था। उसमें हर जाति, धर्म और प्रान्त के लोग थे। वैसे वे शिया मुसलमान थे, पर मज़हब की भावनाओं में बहुत उदार और स्वतंत्र चेता थे। ग़ालिब सदा किराये के मकानों में रहे, अपना मकान न बनवा सके। ऐसा मकान ज्यादा पसंद करते थे, जिसमें बैठकख़ाना जरूर हो और उनके दरवाज़े भी अलग हों, जिससे यार-दोस्त बेझिझक आ-जा सकें। खाने-खिलाने के शौक़ीन, स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रेमी थे। उन्हें हम स्नेह एवं मित्रता की छांह देने वाले बरगद कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन् 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले आए। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को इन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालय में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को गालिब मेमोरियल में तब्दील कर दिया गया।

बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 1850 ई. में गालिब को दबीर-उल-मुल्क और नज्म-उद-दौला की उपाधि प्रदान की थी। इसके अलावा बहादुर शाह जफर द्वितीय ने गालिब को मिर्जा नोशा की उपाधि प्रदान की थी, जिसके बाद गालिब के नाम के साथ मिर्जा शब्द जुड़ गया। तबियत से खुद एक शायर बहादुर शाह जफर द्वितीय ने कविता सीखने के उद्देश्य से 1854 में गालिब को अपना शिक्षक नियुक्त किया था। बाद में बहादुर शाह जफर ने गालिब को अपने बड़े बेटे शहजादा फखरूदीन मिर्जा का भी शिक्षक नियुक्त किया था। इसके अलावा गालिब मुगल दरबार में शाही इतिहासविद के रूप में भी काम करते थे। साल 1847 में जुआ खेलने के जुर्म में गालिब को जेल भी जाना पड़ा था और उन्हें 200 रूपए जुर्माना और सश्रम कारावास की सजा दी गई थी। एक मुसलमान होने के बावजूद गालिब ने कभी रोजा नहीं रखा। मुसलमान होने के प्रश्न पर एक अंग्रेज कर्नल को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं आधा मुसलमान हूं। ये जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल ने अगला सवाल दागा और पूछा कि ऐसा कैसे कि आप आधे मुसलमान हैं? इसके जवाब में मिर्जा गालिब ने कहा, हां, क्योंकि मैं शराब तो पीता हूं लेकिन सुअर नहीं खाता। मिर्जा गालिब का यह जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल अपनी हंसी नहीं रोक पाया। एक बार गालिब आम खा रहे थे। जमीन पर छिलके जमा कर रखे थे। वहां खड़े एक व्यक्ति ने उन छिलकों को अपने गधे को खाने के लिए दिया। गधे ने उन छिलकों को खाने से इंकार कर दिया। इस पर सज्जन व्यक्ति ने गालिब का मजाक उड़ाते हुए कहा कि 'गधे भी आम नहीं खाते हैं।' इस पर गालिब ने अपनी हाजिर जवाबी का परिचय देते हुए कहा कि 'गधे ही आम नहीं खाते हैं।'

मिर्जा गालिब का एक बहुत मशहूर शेर है 'ये इश्क नहीं आसान, बस इतना समझ लीजिये, इक आग का दरिया है और डूबकर जाना है।' न जाने गालिब ने किन परिस्थितियों में ये शेर गढ़ा होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि इश्क पर जो पहरा उस सदी में था वह आज इक्कीसवीं सदी के ग्लोबल इंडिया में भी है। जिंदगी जीने के तमाम तरीके भले ही बदल गए हों, लेकिन प्यार मोहब्बत को देखने का हमारा पारिवारिक-सामाजिक-धार्मिक नजरिया आज भी सदियों पुराना है। मिर्जा गालिब ने बेहतरीन शेर लिखे हैं- इस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा, लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं। दरअसल मिर्जा गालिब अपनी हाजिर जवाबी के लिए मशहूर थे। इस दौरान भी इश्क ने 'गालिब' निकम्मा कर दिया, वर्ना हम भी आदमी थे काम के। मौत का एक दिन मुअय्यन है, नींद क्यूं रात भर नहीं आती...। गालिब की जिंदगी संघर्षों से भरी रही, उन्होंने अपनी जिंदगी में अपने कई अजीजों को खोया। अपनी जिंदगी गरीबी में गुजारी। इसके बावजूद गालिब के शेर ने लोगों के दिलों को छुआ। गालिब 15 फरवरी 1869 को इस दुनिया से अलविदा कह गए।

## वर्ग पहेली नं. 2958

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

➲ **बायें से दायें:-** 1) संतोष की बात *(विपरीत परिस्थिति में)*, 4) बाधा; अवरोध, 7) निगलना, 9) रिक्त पद, 10) विवश, 11) वसा, 13) दारू, 14) आपाधापी; हाथापाई, 16) इच्छारहित, 18) अधिक ज्यादा, 19) सामूहिक गायन, 20) ज़ंजीर, 22) पैरगाड़ी, 23) तक, 24) लाल; व्यस्त; रात, 25) एक छोटा शक्तिवर्धक फल; *कैशूनट*, 27) शत्रुता, 28) भूलचूक; ग़लती, 29) धराशायी; लेटा; ऊर्ध्वमुख *(कुश्ती)*.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) मुलायम; *स्प्रिंगी*, 2) घड़ियाल, 3) तीर, 4) एक फल, 5) मेघगर्जना, 6) सहकर्मी, 8) कूड़ा, 12) रोगग्रस्त, 15) घातक, 17) मूल्यकटौती; मोहलत, 18) साधारण, 19) भारत में एक शहर, 20) मिश्रजातीय; *हायब्रिड*, 21) अविराम, 22) सूची; पंक्ति; सड़क; तालिका, 26) चमेली.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | ना | मी | ■ | श | र्मी | ला | ■ | अं |
| ■ | ■ | च | रा | च | र | ■ | श | त | क |
| स | ज | ना | ■ | क | द | न | ■ | ना | ग |
| त्य | ■ | ■ | ह | वा | ■ | पुं | ज | ■ | णि |
| भा | ग | दौ | ड़ | ■ | ख़ा | स | ■ | पा | त |
| मा | र | ■ | ब | ल्कि | ■ | क | मा | ल | ■ |
| ■ | म | क | ड़ी | ■ | ना | ■ | न | क | ली |
| आ | ■ | म | ■ | दे | व | रा | नी | ■ | ■ |
| ह | म | ला | व | र | ■ | जा | य | दा | द |

## सुडोकू-पहेली-2918

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | | 6 | 9 |
| | 2 | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | 1 | |
| | 3 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| | | | 7 | 3 | | 2 | | |
| 6 | | | | | | 3 | | |
| 1 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2917 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 2 | 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 |

# प्रत्येक जिला मुख्यालय में शॉपिंग मॉल का निर्माण करेगी बंगाल सरकार

## निजी निवेशकों को शॉपिंग मॉल बनाने के लिए एक एकड़ जमीन देगी राज्य सरकार

**राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी, मुख्यमंत्री ने की घोषणा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार अब निजी निवेशकों के सहयोग से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बिग बाजार की तर्ज पर शॉपिंग मॉल का निर्माण कराएगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से निजी निवेशकों को प्रत्येक जिले में एक एकड़ जमीन मुहैया कराई जाएगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सचिवालय नवान्न में बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खुद मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी। बताया गया कि राज्य सरकार ने पीपीपी मॉडल के तहत यह योजना क्रियान्वित करने का फैसला किया है। ममता ने कहा कि इसके लिए जल्द ही टेंडर भी जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस शॉपिंग मॉल में स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने उत्पादों को बेचने के लिए जगह मुहैया कराया जाएगा। प्रत्येक शॉपिंग में दो फ्लोर एसएचजी के लिए समर्पित होगा, जिसे जिले के कारीगरों व एसएचजी के लिए आवंटित किया जाएगा। इससे वह अपने उत्पादों को शापिंग मॉल में बेच पाएंगे। इसके अलावा, बाकी के फ्लोर में अन्य कारोबारियों के लिए दुकान आवंटित किए जाएंगे। ममता ने बताया कि प्रत्येक शॉपिंग मॉल के टॉप फ्लोर में सिनेमा हॉल का भी निर्माण किया जाएगा। मॉल में कार पार्किंग की भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे जिले में कारोबार का विस्तार होगा और साथ ही एसएचजी से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार मिलेगा। इस पहल से जिलों में आर्थिक विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करते हैं, लेकिन मेलों के अलावा उन्हें अपने उत्पादों को बेचने का अवसर नहीं मिलता है। इसलिए राज्य सरकार ने उनके लिए स्थायी बाजार मुहैया कराने के लिए यह फैसला लिया है।

**❑ अलीपुर चिड़ियाघर के सामने बनेगा बड़ा शॉपिंग मॉल**

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कोलकाता में अलीपुर चिड़ियाघर के सामने मछलीघर की अप्रयुक्त भूमि पर भी एक बड़ा शॉपिंग मॉल बनाया जा रहा है। हालांकि, जो एक्वेरियम था, वह रहेगा। वहीं, चिड़ियाघर के अंदर की जमीन पर एक पशु अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां जगह को लेकर कोई समस्या नहीं है, सभी विभागों ने एक साथ बैठकर इस फैसले पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि अलीपुर म्यूजियम के सामने खाली जगह पर भी एक शॉपिंग मॉल का निर्माण किया जा रहा है, जहां लेदर बैग और बांग्लार साड़ी की दुकानें खुलेंगी। इस मॉल में आधा हिस्सा लेदर मार्केट व आधे हिस्से को बांग्लार साड़ी शोरूम के लिए आवंटित किया जाएगा। लेदर मार्केट में राज्य में चमड़े से बने उत्पादों की बिक्री की जाएगी।

**❑ कुहासा में नाइट ट्रैवल से बचने की अपील**

इस दौरान, ममता ने राज्यवासियों से अभी सर्दी के मौसम में कुहासा को लेकर भी सावधान किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि बहुत जरूरी काम नहीं होने पर अभी रात के समय कुहासा में यात्रा करने से बचें। ममता ने लोगों से सावधानी से वाहन चलाने का अनुरोध किया। ममता ने कहा कि अभी रात के वक्त काफी कुहासा हो रहा है। इसलिए बहुत धीरे-धीरे गाड़ी चलाएं, ताकि कोई दुर्घटना न हो।

## झुग्गियों में लगी आग से दुर्गापुर ब्रिज को हुआ है भारी नुकसान, ममता चिंतित

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महानगर में स्थित विभिन्न झुग्गी बस्तियों में सर्दी के मौसम में आए दिन आग लगने से चिंतित हैं। गुरुवार को राज्य सचिवालय नवान्न में कैबिनेट बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल में कोलकाता के न्यू अलीपुर इलाके में दुर्गापुर ब्रिज के नीचे झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग की घटना पर गहरी चिंता जताई। इसका जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि इस आग की वजह से दुर्गापुर ब्रिज को भारी नुकसान पहुंचा है। ममता ने कहा कि दुर्गापुर ब्रिज के नीचे जो घटना घटी है वह अलाव तापने का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि ठंड के समय में अलाव तापने से कई जगह आग लग रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञ टीम भेजकर दुर्गापुर ब्रिज का परीक्षण किया गया है, जिसमें आग से ब्रिज को काफी नुकसान होने का पता चला है। ऐसे में उस ब्रिज की मरम्मत करने की जरूरत है और इसपर काफी पैसे खर्च होंगे। ममता ने झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आग को लेकर सावधान रहने को कहा। ममता ने यह भी उल्लेख किया कि दुर्गापुर ब्रिज के पास जहां आग लगी वह जमीन रेलवे की है। उन्होंने रेलवे से भी अनुरोध किया कि अपनी जमीन पर मौजूद सभी चीजों को लेकर वे अधिक सावधान रहें। उन्होंने कहा कि हम रेलवे की जमीन से किसी को जबर्दस्ती हटाने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि आग से काफी नुकसान हो रहा है।

## ममता ने कांग्रेस-आप विवाद पर सवाल टाला, घटक दलों को नए साल की दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच विवाद पर कोई भी टिप्पणी करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के घटक दलों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। संवाददाताओं से मुखातिब ममता ने आप-कांग्रेस विवाद से जुड़े एक सवाल पर कहा कि कृपया मुझसे ये सब सवाल न पूछें। यह एक सरकारी मंच है और मैं राजनीतिक मामलों पर चर्चा नहीं कर सकती। मैं सभी राजनीतिक दलों का बहुत सम्मान करती हूं... मैं कामना करती हूं कि उनके लिए नया साल बहुत अच्छा और उज्ज्वल हो। नया साल हम सभी के लिए बहुत सारी खुशियां लेकर आए।

## कोलकाता में 12 जनवरी को ममता के गीतों पर आधारित संगीत समारोह

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रचनाएं 12 जनवरी को शहर के कस्बा क्षेत्र में एक विशेष समारोह में केंद्र बिंदु होंगी, जहां इंद्रनील सेन, श्रीराधा बंदोपाध्याय और मनोमय भट्टाचार्य जैसे प्रसिद्ध गायक तृणमूल प्रमुख के गीतों को अपनी आवाज देंगे। तृणमूल पार्षद सुशांत घोष द्वारा आयोजित 'पीठे पुली महोत्सव' के उद्घाटन समारोह में बनर्जी के 32 गाने प्रस्तुत किए जाएंगे। यह महोत्सव राजडांगा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री के गीतों को काफी पहचान मिली है और कई लोग उन्हें पसंद करते हैं। इस संगीत समारोह का उद्देश्य गीतकार और संगीतकार के रूप में उनकी प्रतिभा को उजागर करना है। अपनी रचनाओं के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी प्रकार के त्योहारों के लिए गीत लिखती हूं। इस बार मैंने सोचा कि क्यों न क्रिसमस के लिए कुछ बनाया जाए? मैंने कुछ दिन पहले टहलते हुए यह गीत लिखा था।

## दमकल विभाग में 264 नए पदों का होगा सृजन

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में गुरुवार को राज्य सचिवालय नवान्न में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दमकल विभाग में नई नियुक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बताया गया है कि अग्निशमन विभाग में नियुक्ति के लिए 264 नए पदों का सृजन किया गया है। आने वाले दिनों में राज्य में और छह नए दमकल केंद्र जल्द खोले जाएंगे और उन फायर स्टेशनों पर विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए यह मंजूरी दी गई है। बताया गया है कि जनवरी के प्रथम सप्ताह में विभाग में और 75 नए दमकल गाड़ियों को जोड़ा जाएगा। बता दें कि राज्य में अभी 164 फायर स्टेशन है, जिसे राज्य सरकार ने बढ़ा कर 200 करने का लक्ष्य रखा है।

# अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से बरामद 50 करोड़ रुपये पार्थ चटर्जी के ही थे, ईडी का कोर्ट में दावा

## पूर्व मंत्री समेत 54 लोगों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 54 लोगों (कुछ कंपनियों और संस्थाएं भी शामिल) के खिलाफ गुरुवार को कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट स्थित विशेष अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस दिन, लगभग सभी आरोपित व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित थे। ईडी के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि पूर्व मंत्री की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैटों से बरामद करीब 50 करोड़ रुपये पार्थ चटर्जी के ही थे। अर्पिता ने पूछताछ के दौरान खुद जांचकर्ताओं को यह बात बताई है। आरोप तय करते हुए ईडी के वकील ने दावा किया कि पार्थ जब शिक्षा मंत्री थे तब वे शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार में शामिल थे। वहीं, इस घोटाले मास्टरमाइंड व सबसे बड़े लाभार्थी हैं। पूछताछ के दौरान उनकी करीबी अर्पिता ने दावा किया कि पार्थ चटर्जी ने फर्जी कंपनियां खोलकर अरबों रुपये बनाए। पार्थ ने अर्पिता के नाम पर बैंक खाते खोले थे। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में ईडी ने तलाशी के दौरान अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैट से 50 करोड़ रुपये, सोने के आभूषण व विदेशी मुद्रा जब्त किए थे। अर्पिता ने दावा किया है कि पार्थ चटर्जी ने उनके फ्लैट का इस्तेमाल मिनी बैंक के रूप में किया है। ईडी ने कोर्ट में यह भी कहा कि एक और मुख्य आरोपित सुजयकृष्ण भद्र के साथ पार्थ चटर्जी, प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व टीएमसी विधायक मानिक भट्टाचार्य, पूर्व टीएमसी नेता शांतनु बंद्योपाध्याय और कुंतल घोष के लेनदेन के सुबूत मिले हैं।

# 'कहानियां मत सुनाओ', फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच से नाराज कोर्ट

**पुलिस को लगाई फटकार**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस को अलीपुर कोर्ट में जज की फटकार का सामना करना पड़ा। अलीपुर कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौविक दे ने महत्वपूर्ण टिप्पणियों पर सवाल उठाया कि पासपोर्ट बार-बार सत्यापित होते हैं, और 73 लोगों के लिए कुछ नहीं होता है! जज ने नाराजगी ज़ाहिर करते हुए कहा कि लगता है कि सत्यापन करने वालों से रत्ती भर भी जांच आगे नहीं बढ़ी है। न्यायाधीश ने जांच अधिकारी से पूछा कि क्या चपरासियों ने सत्यापन किया? यदि नहीं, तो इसका सत्यापन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? जांच अधिकारी ने जवाब दिया कि जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जज ने नाराज़ होकर कहा कि उन्हें कहानियां मत सुनाइए। इसके बाद सरकारी वकील ने कहा कि यह एक बड़ा दायरा है। मुखिया कौन है, इसकी जांच चल रहीं है। सबकी अलग-अलग भूमिकाएं हैं। उनके साथ चक्र पूरा हो गया है। आरोपियों की ओर से वकील कमल हुसैन ने कहा कि यह साफ है कि उनके सहयोगियों का कहना है कि सत्यापन करने वालों को छुपाया जा रहा है। तब जज ने कहा कि कुछ और समय दे रहे है। देखते हैं क्या कदम उठाया जाएगा। फर्जी पासपोर्ट गिरोह के सरगनाओं में से एक समरेश विश्वास को पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके एक साथी मोख्तार आलम को बुधवार को दत्तपुकुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, समरेश फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के सहयोगियों में से एक है। भले ही समरेश और मोख्तार एक ही गिरोह के सदस्य हैं, लेकिन पुलिस का दावा है कि मोख्तार एक बड़े पैमाने का गिरोह है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भले ही दोनों एक साथ काम करते थे, लेकिन मोख्तार समानांतर रूप से इस धोखाधड़ी के कारोबार को चला रहा था।

# भूपतिनगर विस्फोट : हाईकोर्ट ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए अधिकारियों के खिलाफ 23 जनवरी तक पुलिस कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इस घटना के मुख्य आरोपित की पत्नी की तरफ से स्थानीय पुलिस स्टेशन में एनआईए अधिकारियों के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इससे पहले इस मामले में कोर्ट ने आदेश दिया था कि एनआईए अधिकारियों को राज्य पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। अगली सुनवाई 16 जनवरी को है। दिसंबर 2022 में एक तृणमूल नेता के घर में हुए विस्फोट की इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने घटना की एनआईए जांच का आदेश दिया था। एनआईए के वकील ने कहा कि इस साल छह अप्रैल को जांच के सिलसिले में जब तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष बलाई माइति और बूथ अध्यक्ष तथा मुख्य आरोपित मनोब्रत जाना को पूछताछ के लिए एक कार में ले जाया जा रहा था तो ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर हमला कर दिया था। पुलिस ने इस घटना में पर्याप्त धाराएं भी नहीं लगाईं, क्योंकि आरोपित सत्तारूढ़ दल के करीबी थे। उल्टे मुख्य आरोपित मनोब्रत जाना की पत्नी ने जानबूझकर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भूपतिनगर पुलिस स्टेशन में प्रताडऩा की झूठी शिकायत दर्ज करा दी थी। पुलिस ने इस पर जांच भी शुरू कर दी। बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने राज्य पुलिस की जांच के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# बंगाल में कोई आतंकी नहीं हैं, हम लोगों पर केस किया जाता है : फिरहाद हकीम

**मेयर व शहरी विकास मंत्री हकीम के बयान पर भाजपा ने साधा निशाना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने कोलकाता नगर निगम के मेयर व राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम की उस टिप्पणी पर सवाल उठाया है, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई आतंकवादी नहीं हैं। हालांकि, इससे पहले राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा था कि बंगाल के कुछ इलाके आतंकवादियों के लिए मुक्तांचल बन चुका हैं। हाल ही में राज्य से एक के बाद एक आतंकियों की गिरफ्तारी हुई है। मुर्शिदाबाद से लेकर कैनिंग तक से आतंकी पकड़े गए हैं। हालांकि, मेयर फिरहाद हकीम का कहना है कि यहां कोई आतंकवादी नहीं है। केंद्रीय एजेंसी राजनीतिक लाभ के लिए मामला बनाते हैं। वे हमारे खिलाफ मामला बनाकर अपने राजनीतिक अभिभावकों को खुश करते हैं।

इस बीच, बंगाल भाजपा ने फिरहाद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेता व कोलकाता नगर निगम के पार्षद सजल घोष ने मीडिया से कहा कि मुझे लगता है कि वह जो कहना चाहते हैं वह यह है कि उनसे बड़ा कोई आतंकवादी नहीं है। जो भी लोग पकड़े गए, कश्मीर पुलिस आई और उन्हें ले गई। क्या भाजपा की सरकार है? उसे राजनीतिक मकसद से लिया जाएगा। ऐसी नेताओं की वजह से नाम को लेकर विभेद पैदा हो रहा है। जो लोग मानसिक रूप से अस्थिर होते हैं। उनमें शिष्टता का नामोनिशान नहीं है। इन नेताओं के नाम से विभेद पैदा हो रहा है।

# आरजीकर कांड : अकेले दरिंदगी की वारदात को अंजाम देना मुमकिन

**दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने सीबीआई को सौंपी अपनी रिपोर्ट में किया दावा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने सीबीआई को सौंपी अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि है कि आरजीकर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की वारदात को अकेले शख्स द्वारा अंजाम देना संभव है। हालांकि, टीम ने राय व्यक्त की है कि फोरेंसिक विशेषज्ञों की विभिन्न वैज्ञानिक व्याख्यात्मक रिपोर्टों के साथ घटना के साक्ष्यों की तुलना करके घटना के बारे में और अधिक निश्चित किया जा सकता है। बता दें कि अगस्त के अंत में पीड़िता की पोस्टमार्टम व अन्य रिपोर्ट के पुनर्मूल्यांकन के लिए सीबीआई के अनुरोध पर दिल्ली एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन के प्रोफेसर आदर्श कुमार की अध्यक्षता में 11 विशेषज्ञों के साथ मल्टी इंस्टीट्यूशनल मेडिकल बोर्ड (एमआइएमबी) का गठन किया गया था। टीम में फोरेंसिक मेडिसिन के तीन, स्त्री रोग, आर्थोपेडिक्स, सर्जरी और नेत्र विज्ञान के दो-दो विशेषज्ञ शामिल थे। ये सभी दिल्ली के प्रमुख अलग-अलग अस्पतालों से जुड़े हुए हैं। सीबीआई ने एमआइएमबी से इस वारदात के बारे में कुल नौ सवाल पूछे थे।

रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने उन सवालों के जवाब दिए हैं। सीबीआई को रिपोर्ट सौंपने से पहले एमआईएमबी के सदस्यों ने कुल चार बार बैठकें की है। रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि पीड़िता के शरीर के कई हिस्सों पर काट खाने के निशान पाए गए हैं। उन सभी जगहों से इकट्ठा किए गए लार के नमूने सिविक वॉलंटियर की लार से मेल खा गए। इसके अलावा, पीड़िता शरीर से वीर्य नहीं पाया गया है, हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि उसके प्राइवेट पार्ट में लिंग का प्रवेश नहीं किया गया है। पीड़िता के प्राइवेट पार्ट में जबरन प्रवेश के निशान मिले हैं, जो कोई वस्तु भी हो सकती है। जैसा कि दिल्ली के निर्भया कांड में भी देखने को मिला था। रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा है कि दम घुटने से पीड़िता की मौत हुई है। इसके अलावा, रिपोर्ट में पीड़िता के पोस्टमार्टम के दौरान कुछ अनियमितताएं की बात कही गई है। मसलन पोस्टमार्टम के दौरान कमरे में कई लोग मौजूद थे, कई लोग मोबाइल से तस्वीरें ले रहे थे और वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे जो पूरी तरह से अवैध है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 24.12.2024** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-189-24-25, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल की दमदम जंक्शन-डानकुनी शाखा के दक्षिणेश्वर-बालीघाट स्टेशनों के बीच क्षयग्रस्त रेल बेयरर्स की ब्रिज सं.-13 सीसीआर की मरम्मत। **निविदा मूल्य :** रु.6,88,06,195.22, **बयाना राशि :** रु.4,94,000/-, भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.01.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 20.01.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-291/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18-24, दिनांक 20.12.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18-24 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बर्द्धमान स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 06 एवं 07 की लंबाई के विस्तार, नए कोचिंग 2, 3, 4 एवं अन्य कार्यों के संबंध में 25 केवी ओएचई रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.6,42,06,513/-, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 4,71,000/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** 14.01.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-509/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**
Ref e-NIT No.: 2024_ZPHD_791105_1.
An e-Tender **(Notice: 860, Date: 24.12.2024)** containing one number of scheme for construction work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 4.99991 lakhs. Fund- 5th SFC (Tied Grant).**
Bid Submission End on: **06.01.2025 at 05:30 PM.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** 'एनएससीबीआई एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म स्तर के प्रत्येक तल सहित बैकअप हाउस क्षेत्रों, प्रवेश-निकास क्षेत्रों, सबवे (जेसोर रोड साइड और एयरपोर्ट साइड), ट्रैक क्षेत्र, अंडरक्रॉफ्ट क्षेत्र, यार्ड, कट एंड कवर टनल और आसपास के क्षेत्रों में सघन सफाई, नियमित सफाई का निष्पादन, और मलबे/कचरे का निपटान, च. 5030 मीटर से 7026 मीटर तक, नोवापाड़ा से बारासात के बीच विमानबंदर के रास्ते मेट्रो रेलवे के विस्तार के संदर्भ में।' **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,26,07,947.00। **बयाना राशि:** ₹ 3,13,000.00। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 30 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 16.01.2025 को 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज़ और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।
**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्या: सीविल-2506-2024 (ओपेन)**
हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metorailkolkata

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

निविदा संख्या:- **SIG-504-MCF-RBL-FTTH-RE2,** नियत तिथि: 13.01.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ आईटी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये:- निविदा सूचना संख्या **SIG-504-MCF-RBL-FTTH-RE2,** नियत तिथि: **13.01.2025** के माध्यम से खुली ई. निविदा आमंत्रित की जाती है-
**कार्य का नाम** एमसीएफ/आरबीएल आवासीय क्षेत्र के लिए गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (जीपीओएन) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में ₹** 2,15,86,162.00 (दो करोड़ पन्द्रह लाख छियासी हजार एक सौ बासठ रूपये मात्र) **धरोहर राशि सबसे पास 100 के गुणक.** रु 2,57,900.00 (दो लाख सत्तावन हजार नौ सौ रूपये मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य-** Nil **कार्य समापन की अवधि** 12 माह ● **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.01.2025 को 15.30 बजे। ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल - www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आईटी

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 69/ईटी/2024-25 दिनांक: 23.12.2024

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06241128 | सप्लाई एन्ड अपलीकेशन ऑफ पीयू पेंट | 483 सेट | 20/01/2025 |
| 02 | 03242170 | लांगीट्यूडिनल लगेज रैक | 1200 नग | 13/01/2025 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

**ई- निविदा सूचना सं. : जीएसयू- एसएन-2024-04, दिनांक 24.12.2024,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति यूनिट/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. जीएसयू- एसएन-2024-04, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के तहत आसनसोल मंडल की सीतारामपुर-प्रधानखांटा शाखा के बीच क्रमशः किमी. नं. 235/5-7, 249/03-05, 251/23-25 और 255/27-29 पर लेवल क्रॉसिंग गेट-5बी, 10 अप, 12 और 14 के स्थान में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 117,58,03,762.09, **बयाना राशि :** रु. 60,29,000/-, **अंतिम तिथि और समय/बोली की नियत तिथि :** दिनांक 16.01.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** 15 (पंद्रह) माह। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-284/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एसडीएच-सीओएन-टीआरडी-165-2024-एनआईटी, निविदा सं.: ईएल-एसडीएच-सीओएन-टीआरडी-165-2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** "(क) मालदा मंडल में एलएचबी मेंटेनेंस डिपो में गोड्डा में मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के संबंध में 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50 हर्ट्ज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर इत्यादि की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना और (ख) पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत काँचरापाड़ा वर्कशॉप के विभिन्न शॉप में ईएमयू/ एमईएमयू/डीईएमयू/टी-कार की पीओएच क्षमता वृद्धि के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50 हर्ट्ज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना"। **निविदा मूल्य:** रु. 3,79,11,821.60, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 3,39,600/-, **समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.01.2025 को 12.30 बजे। निविदा कागजातों को **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-81/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पॉइंट सं. 229ए/228बी के रूपांतरण के लिए, दमदम जं. स्टेशन लिमिट में डाउन उपनगरीय लाइन पर **दिनांक 28.12.2024 (शनिवार) को 23.30 बजे से 29.12.2024 (रविवार) को 06.30 बजे तक** 07 घंटे के लिए ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **ट्रेनें रद्द: [दिनांक 28.12.2024 (शनिवार)]: सियालदह-डानकुनी: अप** 32249/**डाउन** 32252, **[दिनांक 29.12.2024 (रविवार)]: सियालदह-बनगांव जं.: अप** 33811, 33813/**डाउन** 33820, 33822, **सियालदह-हाबरा: अप** 33651, 33653/**डाउन** 33652, 33654, **सियालदह-हासनाबाद: अप** 33513/**डाउन** 33514, **सियालदह-डानकुनी: अप** 32211, 32213, 32215, 32217, 32219/**डाउन** 32212, 32214, 32216, 32218, 32220, **सियालदह-दत्तपुकुर: अप** 33613/**डाउन** 33612, 33616, 33618, **बारासात-दत्तपुकुर: अप** 33357, **सियालदह-बारासात: अप** 33431/**डाउन** 33432, **सियालदह-कल्याणी सीमांत: अप** 31311, 31313/**डाउन** 31312, 31316, **सियालदह-शांतिपुर: अप** 31511, 31513/**डाउन** 31512, 31516, **सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं.: अप** 31811/**डाउन** 31812, **सियालदह-गेदे: अप** 31911/**डाउन** 31912, **सियालदह-रानाघाट: अप** 31611, 31613, 31615/**डाउन** 31612, 31614, 31616, **सियालदह-नैहाटी: अप** 31411/**डाउन** 31414 ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण [दिनांक 28.12.2024 (शनिवार)]:** 03172 लालगोला-सियालदह पैसेंजर 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी, अर्थात लालगोला से 22.15 बजे के बदले 22.45 बजे छूटेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन के आवागमन में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में पुल रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

हावड़ा मंडल के तारकेश्वर शाखा खंड में नालिकुल और मालिया स्टेशनों के बीच पुल संख्या 35 (किमी. 18/2-18/4) के रूपांतरण के साथ-साथ हरिपाल में पुल संख्या 47 (किमी. 24/458) के पुनर्निर्माण के लिए, **दिनांक 28/29.12.2024 (शनिवार/रविवार)** की मध्य रात्रि को **10 घंटे के लिए पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: ● **ट्रेनों की रद्दगी [28.12.2024 (शनिवार) को]: ■ डाउन दिशा-** तारकेश्वर-हावड़ा लोकल: **37352, 37354**। ■ **अप दिशा-** हावड़ा-तारकेश्वर लोकल: **37349, 37351**। ● **[29.12.2024 (रविवार) को]: ■ डाउन दिशा-** तारकेश्वर-हावड़ा लोकल: **37312, 37314, 37316, 37318, 37320, 37322**। तारकेश्वर-सेवड़ाफुली लोकल: **37412, 37416**। गोघाट-हावड़ा लोकल: **37372**। आरामबाग-हावड़ा लोकल: **37360**। हरिपाल-हावड़ा लोकल : **37308**। सिंगुर-हावड़ा लोकल: **37304**। ■ **अप दिशा-** हावड़ा-गोघाट लोकल: **37371, 37373** (हावड़ा और तारकेश्वर के बीच रद्द रहेंगी)। हावड़ा-तारकेश्वर लोकल: **37309, 37311, 37313, 37315, 37319**। हावड़ा-आरामबाग लोकल: **37359**। सेवड़ाफुली-तारकेश्वर लोकल: **37411, 37415**। हावड़ा-सिंगुर लोकल: **37303**। हावड़ा-हरिपाल लोकल: **37307**। ● **दिनांक 29.12.2024 (रविवार) को संक्षिप्त यात्रा शुरू : 37373 हावड़ा-गोघाट लोकल** ब्लॉक के दिन **सुबह 09.10 बजे** तारकेश्वर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी तथा हावड़ा और तारकेश्वर के बीच रद्द रहेगी। ● **दिनांक 29.12.2024 (रविवार) को पुनर्निर्धारित: 37326 तारकेश्वर-हावड़ा लोकल** ब्लॉक के दिन सुबह 10.25 बजे के बदले **सुबह 10.45 बजे** पुनर्निर्धारित होगी। **विशेष द्रष्टव्य :** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें और बाद में शुरू की गई कोई भी नई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, का मार्ग में उचित रूप से नियंत्रण/मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नंदीग्राम में टीएमसी के कार्यकर्ता का शव मिला, भाजपा पर हत्या का आरोप

**✒ तृणमूल के आरोपों को भाजपा ने किया खारिज**

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदीग्राम इलाके से बुधवार की देर रात सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता का शव बरामद किया गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नंदीग्राम ब्लाक-1 अंतर्गत गोकुलनगर पंचायत क्षेत्र निवासी महादेव बिशोई (52) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बिशोई का शव



बुधवार की रात बृंदावन चौक स्थित एक बाजार में उनकी चाय की दुकान के सामने मिला। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पीट-पीटकर व्यक्ति की हत्या की गई। उसके दोनों पैर टूटे हुए थे और हाथों पर चोट के निशान थे। उसके परिवार से शिकायत मिलने के बाद हमने जांच शुरू कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के कार्यकर्ताओं पर बिशोई की हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी की नंदीग्राम 1 ब्लॉक शाखा के अध्यक्ष बप्पादित्य गर्ग ने कहा कि बिशोई पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे। भाजपा समर्थकों ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले पार्टी के एक अन्य सदस्य की भी हत्या कर दी गई थी। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, तृणमूल के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा ने कहा कि बिशोई की मौत पार्टी की अंदरूनी कलह का नतीजा है और इसमें भाजपा की कोई भूमिका नहीं है। भाजपा की तमलुक इकाई के महासचिव मेघनाग पाल ने कहा कि इसके पीछे कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नहीं है। कल एक पिकनिक में उन्होंने (बिशोई) शराब पी थी, जिसके बाद झगड़ा हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई।

## फैशन डिजाइनर से कई होटलों में दुष्कर्म, हाईकोर्ट ने डॉक्टर को नहीं दी रक्षा कवच

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** बहरमपुर के अलावा कोलकाता के एक होटल में युवती से रेप का आरोप है। कलकत्ता हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी देने के बावजूद डॉक्टर को सुरक्षा नहीं मिली। निचली अदालत से वापस लौटना पड़ा। आखिरकार आरोपी डॉक्टर ने कोर्ट में आकर सरेंडर कर दिया। युवती पेशे से फैशन डिजाइनर बताई जा रही है। उधर, पता चला है कि आरोपी डॉक्टर जिले के एक नामी सरकारी अस्पताल में कार्यरत है। कथित तौर पर, लड़की को पहले 2 दिसंबर को बहरमपुर के एक होटल में ले जाया गया और उसके साथ बलात्कार किया गया। इसके बाद उन्हें 8 दिसंबर को कोलकाता के गोल्फग्रीन स्थित एक होटल में ले जाया गया। आरोप है कि वहां भी नशीला पदार्थ खिलाकर उनके साथ लगातार दुष्कर्म किया गया। इसके बाद लड़की ने बहरमपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस बीच, जब डॉक्टर को एहसास हुआ कि पानी सिर से ऊपर जा रहा है तो उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया लेकिन, कलकत्ता हाई कोर्ट से उन्हें इस आवेदन के लिए निचली अदालत में जाने को कहा गया। इस बीच वह निचली अदालत में भी गए, लेकिन वहां से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने गुरुवार को बहरमपुर जिला अदालत में आकर आत्मसमर्पण कर दिया और जमानत के लिए आवेदन किया, लेकिन वह आवेदन खारिज कर दिया गया। इसके बजाय, न्यायाधीश ने उसकी 14 दिन की जेल हिरासत का आदेश दिया।

## गड़ियाहाट में जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में गड़ियाहाट थाना क्षेत्र के बोंडेल रोड स्थित एक दुकान पर चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में पिंटू दास (26) और मोहम्मद साबिर (32) है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर उक्त इलाके के एक दुकान पर छापा मारा। ये दोनों आरोपी एक आम जुआघर चला रहे थे, जिसमें एक कंप्यूटर ऐप प्ले स्मार्ट का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस छापे के दौरान 6650 रुपये की रकम बरामद की गई, जो बोर्ड डील मनी के रूप में थी, साथ ही एक कंप्यूटर डेस्कटॉप भी जब्त किया गया। इस मामले में गड़ियाहाट थाना में विशेष मामला दर्ज किया गया है।

## सियालदह डिवीजन में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का विनियमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम जंक्शन पर डाउन उपनगरीय लाइन पर ट्रैक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए 07 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक की योजना बनाई गई है। जो 28 दिसंबर की रात 23:30 बजे से 29 दिसंबर की 06:30 बजे तक चलेगा। इस कारण ट्रेन संचालन में कुछ परिवर्तन किया गया है। 28 दिसंबर को कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिसमें सियालदह-डानकुनी अप 32249/ डाउन 32252 शामिल है। वहीं, 29 दिसंबर को सियालदह-बनगांव अप 33811, 33813/डाउन 33820, 33822, सियालदह-हाबरा : अप 33651, 33653/ डाउन 33652, 33654, सियालदह-हासनाबाद : अप 33513/डाउन 33514, सियालदह-डानकुनी: अप 32211, 32213, 32215, 32217, 32219/ डाउन 32212, 32214, 32216, 32218, 32220, सियालदह-दत्तपुकुर : अप 33613/डाउन 33612, 33616, 33618, सियालदह-कल्याणी सिमंता: अप 31311, 31313/ डाउन 31312, 31316, सियालदह-शांतिपुर : अप 31511, 31513/ डाउन 31512, 31516, सियालदह-गेदे : अप 31911/डाउन 31912, सियालदह-कृष्णानगर : अप 31811/ डाउन 31812, सियालदह-नैहाटी: अप 31411/ डाउन 31414, सियालदह-रानाघाट : अप 31611, 31613, 31615/ डाउन 31612, 31614, 31616, बारासात-दत्तपुकुर : अप 33357 शामिल है। इसके अलावा, 28 दिसंबर को 03172 लालगोला-सियालदह पैसेंजर लालगोला से अपने निर्धारित प्रस्थान समय 22:15 बजे के बजाय 22:45 बजे चलेगी।

## नदिया में दस घुसपैठिए गिरफ्तार, पांच दलाल भी पकड़ाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** अशांत बांग्लादेश से बंगाल में घुसपैठ बढ़ रही है। सीमा पर निगरानी कड़ी की गई है। विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में कंटीली तार पार कर रहे 10 घुसपैठियों को नदिया से गिरफ्तार किया गया। 5 दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि राणाघाट पुलिस जिले के हंसखाली और धनतला थाने की पुलिस ने 10 बांग्लादेशियों और 5 दलालों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने मिलकर कल रात एक विशेष ऑपरेशन चलाया। कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें पहले ही चार मामलों में अदालत ले जाया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के लिए भारतीय दलालों को पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है।

## अभिषेक के नाम पर कालना नगरपालिका के चेयरमैन से मांगे पांच लाख रुपये

### कोलकाता पुलिस ने हुगली जिले से तीनों जालसाजों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता/बर्दवान :** अभिषेक बनर्जी के नाम पर कालना नगरपालिका के चेयरमैन को धमकी देने का आरोप लगा है। पांच लाख की मांग भी की गई। चेयरमैन की शिकायत के आधार पर तीन युवक शेक्सपियर सरणी थाने की पुलिस के शिकंजे में हैं। इन्हें हुगली से गिरफ्तार किया गया। कालना नगरपालिका के अध्यक्ष ने दावा किया कि उन्हें गुरुवार दोपहर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन के दूसरी ओर से सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय से फोन कर उनसे संपर्क करने की मांग की गई। बताया जा रहा है कि चेयरमैन के खिलाफ कई जगहों से



वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। पुलिस किसी भी वक्त उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। पांच लाख दोगे तो पुलिस हिरासत से छूट जाओगे। कालना नगरपालिका के चेयरमैन को कॉल रिसीव होने का शक हुआ। उन्होंने सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय से संपर्क किया। इसके बाद शेक्सपियर सारणी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मोबाइल नंबर के जरिए लोकेशन ट्रैक की। देखा जा सकता है कि कॉल हुगली से आई थी। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन की और हुगली से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में जुनेदुल हक चौधरी, सुभोदीप मल्लिक और शेख तस्लीम शामिल हैं। ध्रिथ जुनेदुल पर पहले फर्जी कॉल करके वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उस आरोप में उन्हें पहले भी गिरफ्तार किया गया था।जमानत पर रिहा होने के बाद कालना ने नगरपालिका अध्यक्ष पर निशाना साधा। हालांकि, पैसा बनने से पहले ही पर्दा गिर जाता है।

## क्रिसमस की रात तेज रफ्तार की चपेट में आकर दो की मौत, पांच घायल





**पूर्व बर्दवान :** जिले के गुस्करा में त्योहार की रात एक भयानक हादसा हुआ। चौपहिया वाहन की बेतहाशा रफ्तार का शिकार दो लोग हो गए। पांच घायल हो गए। घायलों का बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा क्रिसमस के दिन रात करीब 9 बजे गुस्करा मानकर रोड पर धारापारा के पास हुआ। गुस्करा की ओर आ रहा एक चार पहिया वाहन लापरवाही से तेज गति से आ रहा था। तभी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और धारापारा में सड़क किनारे एक किराना दुकान से टकरा गई। दुकान में घुसकर एक राहगीर और बाइक व साइकिल को टक्कर मार दी। तभी चार पहिया वाहन पलट गया। आरोप है कि हत्यारा कार चालक नशे में था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सात लोगों को बचाया और गुस्करा अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों के नाम कालीप्रसाद पाल और श्रीमंत दास हैं। गुस्करा इलाके के रहने वाले श्रीमंत का घर है। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों का इलाज गुस्करा अस्पताल में चल रहा है। यह घटना शहर की सड़क सुरक्षा पर सवाल उठाती है।

## दपूरे का विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार का आयोजन, 32 दक्षता शील्ड दिया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने गुरुवार को कोलकाता में 69वां रेलवे सप्ताह-विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, 2024 का आयोजन किया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में अतिरिक्त महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुरिंदर पाल सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 82 चयनित रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। प्रभागों व इकाइयों को कुल 32 दक्षता शील्ड भी प्रदान की गईं। सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए आद्रा डिवीजन को समग्र दक्षता





शील्ड प्रदान की गई। अन्य श्रेणियों में दक्षता शील्ड भी विभिन्न प्रभागों, कार्यशालाओं और स्टेशनों को प्रदान की गईं। रांची और बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशनों को संयुक्त रूप से बेस्ट केप्ट स्टेशन चुना गया है।

महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए माल ढुलाई और यात्री क्षेत्रों में दक्षिण पूर्व रेलवे की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद रेलवे कर्मचारियों को उनके ईमानदार प्रयासों और सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 2023-24 में 211.60 मिलियन टन लोडिंग करके 4.44% की वृद्धि की है और इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवंबर महीने तक माल लोडिंग 139 मिलियन टन है, जो इसी अवधि से लगभग 2% अधिक है वर्ष 2023-24 में. वित्तीय वर्ष 2023-24 में मूल माल ढुलाई आय 19,326 करोड़ रुपए है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 5.97% अधिक है। इस वर्ष नवंबर 2024 तक मूल माल ढुलाई आय 12,709 करोड़ रुपए है, जो वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में लगभग 2.6% अधिक है।

महाप्रबंधक ने ट्रेन परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर सबसे अधिक जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और समर्पण और फोकस के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को यात्रियों और माल ग्राहकों की संतुष्टि के लिए हर संभव प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने विभिन्न संघों और ट्रेड यूनियनों द्वारा दिए गए सहयोग की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय सांस्कृतिक दल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## विश्व मानवता, शक्ति तथा आध्यात्मिकता सम्मेलन का 15वां संस्करण का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** यह वह समय है जब मानव जाति को शांति, मूल्यों, सहिष्णुता, करुणा और न्याय की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, मानव कल्याण के लिए कड़ी मेहनत और सेवा भाव की आवश्यकता है। निस्संदेह, यह एक अभूतपूर्व चुनौती है और इसलिए, कनोरिया फाउंडेशन की पहल के तहत, यूनिवर्सल स्पिरिचुअलिटी एंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा 'विश्व मानवता, शक्ति तथा आध्यात्मिकता सम्मेलन का 15वां संस्करण कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन 27 दिसंबर को शुरू होगी और 28 दिसंबर तक चलेगी। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस वर्ष सभा में मुख्य अतिथि की सीट की शोभा बढ़ाएंगे। बेशक इस चर्चा में सिर्फ रामनाथ कोविंद ही नहीं दुनिया के मशहूर वक्ता शामिल होंगे। इसमें लेखक एवं एंटी-एजिंग विशेषज्ञ रॉबर्ट गोल्डमैन (यूएसए), भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन, भारत के सर्वधर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील महाराज होंगे।

## मेट्रो स्टाफ ने एक असहाय यात्री की मदद की

**कोलकाता, समाज्ञा :** मंगलवार को लगभग 10:20 बजे मेट्रो रेलवे सुरक्षा नियंत्रण को सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर पर एक यात्री ने मदद के लिए सम्पर्क किया। 9007041789 पर सूचना मिली कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगभग 27 साल की एक महिला यात्री की तबीयत खराब हो रही है। यह सूचना मिलने के बाद चांदनी चौक ऑन ड्यूटी आरपीएफ स्टाफ को संदेश दिया गया। वे उसकी मदद के लिए दौड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उसे तुरंत महिला आरपीएफ स्टाफ और स्टेशन स्टाफ के एस्कॉर्ट के तहत मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता भेजा गया। इस बीच, स्टेशन स्टाफ ने उसके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर उसके पति से संपर्क किया और उन्हें उसकी स्थिति से अवगत कराया गया। कुछ देर बाद उसका पति अस्पताल आया और उसे अपने पास ले लिया। यात्री का सारा सामान उसे सौंप दिया गया। उन्होंने सहयोग और समय पर मदद के लिए मेट्रो रेलवे अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे पर ट्रैक रख-रखाव कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन में ट्रैक रख-रखाव कार्य किया जाएगा। इस कारण 29 दिसंबर, 30 दिसंबर और 1 जनवरी 2025 को कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान, 29 दिसंबर को चलने वाली 13512/13511 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल एक्सप्रेस और 29 दिसंबर और 01 जनवरी 2025 को चलने वाली 08173/08174 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू को रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा, 30 दिसंबर और 02 जनवरी 2025 को चलने वाली 08173/08174 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू को पुरुलिया पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और यह ट्रेन पुरुलिया से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

## जया हिंद इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड ने इंस्टॉल की भारत की सबसे बड़ी 4400 टन हाई-प्रेशर डाई कास्टिंग मशीन

**कोलकाता, समाज्ञा :** जया हिंद इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जो की डॉ. अभय फिरोदिया ग्रुप ऑफ कंपनीज का एक हिस्सा है, ने पुणे के नजदीक अपने उर्से प्लांट में भारत की सबसे बड़ी 4400-टन हाई-प्रेशर डाई-कास्टिंग मशीन को इंस्टॉल कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुहलर-स्विट्जरलैंड से लाई गई यह मशीन तकनीकी इनोवेशन एवं उद्योग जगत में नए बेंचमार्क स्थापित करने के जया हिंद के मिशन की पुष्टि करती है। स्ट्रक्चर कम्पोनेन्ट्स जैसे क्रेडल्स, शॉक टॉवर्स और हाउसिंग्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आधुनिक एलुमिनियम पार्ट्स, हैवी ड्यूटी ट्रांसमिशन और कमर्शियल वाहनों के लिए फ्लायव्हील हाउसिंग्स तक, यह मशीन हर तरह की आधुनिक मैनुफैक्चरिंग में कारगर होगीं। जया हिंद इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रसन फिरोदिया ने कहा, यह जया हिंद और भारतीय डाई-कास्टिंग उद्योग के लिए गर्व का समय है। 4400 टन की मशीन इनोवेशन और उत्कृष्टता के लिए हमारे समर्पण को दर्शाती है। इसकी मदद से हम खासतौर पर तेज़ी से विकसित होते ईवी सेक्टर में भावी ऐप्लीकेशन्स के लिए बड़े, जटिल स्ट्रक्चरल पार्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे।

## आइस मेक रेफ्रिजरेशन ने नए कमर्शियल फ्रीजर्स और विसी कूलर्स का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के रेफ्रिजेरेशन उद्योग में एक प्रमुख नाम, आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, ने अपनी नवीनतम उत्पाद - कमर्शियल फ्रीजर्स श्रेणियों का अनावरण किया है। जिसमें चेस्ट फ्रीजर्स, कूलर्स और विसी कूलर्स शामिल हैं और यह कंपनी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो नवाचार को बढ़ावा देने, बाजार में पहुंच को बढ़ाने और विभिन्न उद्योगों के लिए ऊर्जा-कुशल समाधान प्रदान करने का प्रयास कर रही है। चेस्ट फ्रीजर्स और कूलर्स का उत्पादन 1 जनवरी 2025 से कंपनी की पूरी तरह से स्वचालित निर्माण सुविधा में गुजरात में शुरू होने जा रहा है, जिसकी दैनिक क्षमता 200 यूनिट्स है, जो वार्षिक रूप से 72,000 यूनिट्स तक पहुंच जाएगी। ये उत्पाद 100 लीटर से लेकर 900 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होंगे, जिनमें हार्डटॉप फ्रीजर्स (कन्वर्टिबल), ग्लास टॉप फ्रीजर्स, और कॉम्बी कूलर और फ्रीजर्स जैसी उन्नत विशेषताएं शामिल हैं।

## भगवान को पाना चाहते हो तो संतों का आश्रय लो: स्वामी गिरिशानंद सरस्वती

**कोलकाता, समाज्ञा :** जो झूठ नहीं बोलता उसे कभी झूठ बोलना पड़ जाए तो वह सहज ही पकड़ में आ जाता है। ब्राह्मण का वेश बनाकर जब हनुमान जी ने भगवान राम को प्रणाम करते हुए परिचय पूछा, आप कौन हैं? किस उद्देश्य से वन में घूम रहे हैं? राम सहज ही समझ गए, यह मेरा भक्त हनुमान है। यदि यह वास्तव में ब्राह्मण में होता तो प्रणाम नहीं करता। राम ने अपना परिचय देते हुए कहा, ब्राह्मण देवता, आप कौन हैं? इतना सुनते हनुमान जी समझ गए, मेरा झूठ पकड़ा गया। हनुमान जी ने कहा, प्रभु! यह जीव आपको नहीं पहचान पाया। आप कैसे भूल गए? राम जी ने हनुमान को आश्वस्त करते हुए कहा, तुम मुझे लक्ष्मण से दुगुने प्रिय हो। हनुमान जी परम संत हैं। एक संत ही भगवान से जीव को मिलवाता है। हनुमान जी सुग्रीव और विभीषण को भगवान राम से मिलवाते हैं। सीता की खोज में जब वानर सेना समुद्र तट पर पहुंची, सामने सौ योजन का समुद्र, कौन उस पार जाए? जामवंत जी ने हनुमान जी से कहा,आप चुप क्यों हो हनुमान! रामकाज के लिए तुम्हारा जन्म हुआ है। इतना सुनते ही हनुमान पर्वताकार होकर सिंहनाद करते हुए बोले, जामवंत जी, मुझे क्या करना है? जामवंत जी ने कहा कि आपको रामजी का संदेश जानकी जी को और जानकी जी का संदेश राम जी को सुनाना है। हनुमान जी समझ गए। प्रभु, अपने भक्त को यश देते हैं। कोई अच्छा काम हो रहा है तो समझ लीजिए प्रभु ने आपको चुना है। कोई साधक अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है तो उसे भी सात्विक, राजसिक और तामसिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है जैसे हनुमान जी को मैनाक- सुरसा,सिंहिका और लंकिनी के रूप में बाधाओं का सामना करना पड़ा। साधु की संगति किसी तरह हानिकारक नहीं होती।



अगर कोई संत नाता तोड़ना चाहता है तो मत तोड़ो और कोई दुष्ट नाता जोड़ना चाहता है तो उसे मत जोड़ो। महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने ये बातें डिविनिटी पवेलियन सभागार (श्रीभूमि, लेकटाउन) में कहीं।

इस अवसर पर दर्शन केसरी स्वामी डा. मुक्तानंद पुरी महाराज ने कठोपनिषद के सूत्र उत्तिष्ठितः जाग्रतः प्राप्य वरान्नि बोधतः का विश्लेषण करते हुए लोगों को प्रेरणा दी और कहा- उठो और जागो। हम अज्ञ-नता और मूढ़ता की बेहोशी में सोए हुए है। हमें जीवन की जो पोटली मिली है, इसकी हर सांस कीमती है। इसका क्षण-क्षण उपयोग करें। जीवन को सुधारकर सन्मार्ग पर चलें।

प्रारम्भ में मुख्य यजमान ओम-सुमन जालान एवं अनिल गाड़ोदिया ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया। पंचमुखी मंदिर, चौधरीवास, हिसार के पीठाधीश्वर पवन भाईजी जोशी, सीमा सुरक्षा बल के पूर्वी के क्षेत्र के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार राय, मुरारीलाल दीवान, श्यामसुन्दर अग्रवाल, सत्यनारायण देवरालिया, विवेक अड़ूकिया, भानीराम सुरेका, विश्वनाथ सुरेका, जगमोहन बागला, पवन माधोगढ़िया, गोपाल नरेड़ी, शंकर अग्रवाल, अमित केडिया, दिनेश सेक्सरिया, चंद्रशेखर-शिवानी सराफ, राजेंद्र परमानन्दका, सज्जन तोदी, रामस्वरूप अग्रवाल, विनोद केडिया, केशव बूबना, सुरेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, राजू चौधरी ने आरती की। आयोजन की सफलता में सर्वश्री निर्मल सराफ, अशोक चूड़ीवाल, सरिता सराफ, बीना चूड़ीवाल, निर्मला अग्रवाल, ममता केडिया, बबीता दीवान, अमिता दीवान, सु-लेखा बगड़िया, सीमा चण्डालिया, किरण अग्रवाल सहित अनेकानेक कार्यकर्ता सक्रिय थे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

**❑ अग्र रत्न व अग्र गौरव सम्मान 28 को**

महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा इस वर्ष का अग्ररत्न समाज कर्मयोगी, कीर्तिपुरुष एवं धाम के संस्थापक स्व. पुष्करलाल केडिया को दिया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए अग्रसेन धाम के अध्यक्ष ओम जालान व मंत्री निर्मल सराफ ने बताया कि स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती के पावन सानिध्य में 28 दिसम्बर को डिविनिटी बैंक्वेट में विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के पूर्व मुख्य सचिव बीपी गोपालिका, सीएजी के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल सतीश गर्ग, दीनदयाल गुप्ता, बृजमोहन गाड़ोदिया, विष्णु फोगला, राजेश मित्तल, डा. ललित अग्रवाल, निरंजन कुमार अग्रवाल, रमेश सरावगी व पवन कुमार टिबड़ेवाल को विभिन्न सामाजिक कार्यों में विशेष अवदान के लिए अग्र गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## जयंती पर याद किए गए अटल बिहारी बाजपेयी व मदन मोहन मालवीय

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीबीडी बाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति की ओर से भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी एवं पं. मदन मोहन मालवीय जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, सुंदरकांड पाठ, कंबल वितरण सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व सांसद दिलीप घोष, पार्षद मीना देवी पुरोहित, भाजपा जिला अध्यक्ष तमन्नो घोष, समाजसेवी जेपी सिंह, चंद्रिका बक्श सिंह, शंकर बक्श सिंह, अरुण कुमार मल्लावत, ओम प्रकाश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, देवेंद्र सिंह, शंकर सिंह, दीपक मिश्रा, अम्बिका शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, प्रभुनाथ सिंह, आरपी सिंह, सुनील सिंह, रामा शंकर सिंह सहित अन्य





अतिथि गण उपस्थित रहे। वासुदेव देवनानी एवं दिलीप घोष ने पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी तथा पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन आदर्श के साथ ही देश के विकास मूलक कार्यों पर प्रकाश डाला। समिति के महामंत्री हरिकेश सिंह (गुड्डन) के नेतृत्व में यह समारोह आयोजित हुआ। इसकी सफलता में दिलीप शर्मा, पंकज राम, सुनील सिंह, सिटू सिंह, हरिश्चंद्र तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, राजन उपाध्याय, सोनू उपाध्या, अभिनव सिंह, राघव राठौर, प्रदीप, धुरिया, रामजी यादव, असगर खान, सलाउद्दीन मल्लिक, मनोज गौर इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

## ट्रेन संचालन में अनुशासन बनाए रखने के लिए आरपीएफ ने चलाया 'ऑपरेशन समय पालन'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के लिए समय की पाबंदी और ट्रेन संचालन में अनुशासन बनाए रखना हमेशा प्राथमिकता रही है। हालांकि, कई अवांछनीय गतिविधियां इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधक बनती हैं। बिना अनुमति के अलार्म चेन खींचना (एसीपी), ट्रेन के ठहराव के दौरान दरवाजों पर भीड़, असंवैधानिक स्थानों पर चढ़ना या उतरना, रास्ते में अड़चन डालने वाली बड़ी बैगेज का ले जाना और ट्रेन दरवाजों को रोकने, चढ़ाई में देरी या ट्रैक पर बैठकर ट्रेन की गति में अवरोध डालने जैसी अप्रत्याशित हरकतें संचालन में देरी का कारण बनती हैं। इन सबको को रोकने के लिए पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने 'ऑपरेशन समय पालन' के तहत निरंतर प्रयास किए हैं।

नवंबर 2024 के महीने में, आरपीएफ ने 1 नवंबर से 30 नवंबर तक, पूर्व रेलवे नेटवर्क में कुल 352 मामले बिना अनुमति के अलार्म चेन खींचने के दर्ज किए गए और अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। इन प्रयासों के तहत 317 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और रेलवे अधिनियम के तहत जुर्माना वसूल किया गया। हावड़ा डिवीजन ने सबसे अधिक मामले दर्ज किए, जिसमें 117 घटनाओं में 93 गिरफ्तारियां हुईं। शालीमार डिवीजन में 19 मामले दर्ज हुए और 19 गिरफ्तारियां की गईं। मालदह डिवीजन में 106 मामले दर्ज हुए और 101 गिरफ्तारियां की गईं, जबकि आसनसोल डिवीजन में 110 मामले दर्ज हुए और 104 गिरफ्तारियां की गईं।

वहीं, 1 दिसंबर से 21 दिसंबर तक, 193 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 166 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान हावड़ा डिवीजन में 74 मामले और 58 गिरफ्तारियां, शालीमार डिवीजन में 14 मामले और 14 गिरफ्तारियां, मालदह डिवीजन में 57 मामले और 50 गिरफ्तारियां तथा आसनसोल डिवीजन में 48 मामले और 44 गिरफ्तारियां की गई। 'ऑपरेशन समय पालन' के तहत आरपीएफ के निरंतर प्रयासों ने इन व्यवधानों को कम करने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई है और ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने में मदद की है।

# फर्जी पासपोर्ट गिरोह के मास्टरमाइंड से पूछताछ में सामने आए चौंकाने वाले खुलासे

**✒ बांग्लादेशियों के लिए केवल जाली पासपोर्ट ही नहीं बल्कि उनके नाम औंर धर्म भी बदले जाते थे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट गिरोह के खिलाफ पुलिस और खुफिया विभाग ने बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में, दत्तपुकुर से गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपित मोक्तार आलम से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पता चला है कि वह बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए केवल नकली पासपोर्ट ही नहीं बनाता था, बल्कि उनके धर्म और नाम बदलकर उनके रहने की व्यवस्था करता था। पुलिस के मुताबिक, मोक्तार का नेटवर्क सिर्फ स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि अन्य राज्यों तक फैला हुआ है। उल्लेखनीय है कि मोक्तार आलम को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले समरेश विश्वास और दीपक मंडल नामक दो लोगों को इसी मामले में पकड़ा गया था। ये दोनों फर्जी पासपोर्ट बनाने में माहिर थे। लेकिन मोक्तार का कद इनसे कहीं बड़ा है। पुलिस ने बताया कि वह अपने एजेंटों और सब-एजेंटों



की मदद से इस अवैध कारोबार को संचालित करता था। मोक्तार और उसकी टीम अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए जाली दस्तावेज तैयार करती थी। इन दस्तावेजों में नाम, पता और धर्म तक बदल दिए जाते थे। सूत्रों के अनुसार, मोक्तार के पास पहले से ही घुसपैठियों की सूची और उनकी जानकारी मौजूद रहती थी। वह उन्हें फर्जी पहचान पत्र उपलब्ध कराकर भारत में ठहरने की व्यवस्था करता था। मोक्तार केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं था। जांच के दौरान यह सामने आया है कि उसने कई घुसपैठियों को अन्य राज्यों में भी फर्जी पहचान पत्र के सहारे भेजा। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मोक्तार का नेटवर्क अन्य राज्यों में कितना सक्रिय है।

यह खुलासा हुआ है कि मोक्तार 2021 में भी जाली दस्तावेज बनाने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। उस वक्त चूचूड़ा थाने ने उसे पकड़ा था, लेकिन बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद उसने इस अवैध काम को और भी विस्तार दिया। जांच में यह भी पता चला है कि आमता पोस्ट ऑफिस के एक अस्थायी कर्मचारी ने समरेश और उसके एजेंटों को पासपोर्ट सीधे सौंपे। खुफिया विभाग इस संबंध में उस कर्मचारी से भी पूछताछ कर रहा है। पुलिस और खुफिया विभाग अब इस पूरे गिरोह की जड़ तक पहुंचने के लिए मोक्तार से गहन पूछताछ कर रही है। उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही और भी बड़े खुलासे होंगे।

# बालागढ़ में व्यवसायी की रहस्यमयी मौत से सनसनी, हत्या की आशंका

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के बालागढ़ थाना अंतर्गत गुप्तीपाड़ा के बांधागाछी इलाके के निवासी एक व्यवसायी समर दास(35) की रहस्यमयी मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। मृत समर दास पेशे से डिजाइनिंग और लकड़ी के सामान का व्यापार करता था। मिली जानकारी के अनुसार, 23 दिसंबर की सुबह शांतिपुर जाने के लिए निकले थे फिर लौट कर नहीं आया। परिवार के अनुसार, 23 दिसंबर की सुबह समर दास शांतिपुर अपने व्यापार के काम से गए थे। दिन चढ़ने के बाद जब उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो पाया, तो परिवारवालों ने बालागढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट



दर्ज कराई। 24 दिसंबर को शांतिपुर के गंगा घाट के पास स्थित जंगल से समर दास का लटकता हुआ शव बरामद हुआ। परिवार ने दावा किया है कि उनकी गर्दन पर पहना हुआ सोने का चेन और हाथ की सोने की अंगूठी गायब थी। यहां तक कि उनके मोबाइल का सिम कार्ड भी नहीं मिला। समर दास शांतिपुर के व्यापारियों से बात करने और जरूरत पड़ने पर उनसे कम कीमत पर साड़ी सप्लाई करने के लिए वहां गए थे। समर दास के छोटे भाई अभिजीत दास ने उनकी मौत पर कई सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोग इस घटना की गहराई से जांच और अगर यह हत्या है, तो दोषियों को कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्प-ताल भेज दिया पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## क्रिसमस पर चिड़ियाघर की भीड़ ने तोड़ा रिकॉर्ड, 70 हजार से अधिक लोगों ने किया शिरकत



**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस के दिन राज्य के चिड़ियाघरों में रिकार्ड भीड़ उमड़ी । मैदानों से पहाड़ों की ओर जाने वाले निकासों पर भीड़ है। इस दिन अलीपुर चिड़ियाघर में 70,226 लोग आए। न्यू टाउन के हरिणालय में 5000 दर्शनार्थी आए। इसके साथ ही सिलीगुड़ी सफारी में 5721 पर्यटक आए। राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य सचिव सौरभ चौधरी ने बताया कि 25 दिसंबर को तीनों चिड़ियाघरों में सबसे ज्यादा पर्यटक आए। उधर, दार्जिलिंग चिड़ियाघर में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। सदस्य सचिव ने यह भी कहा कि उत्तर बंगाल के इस चिड़ियाघर में 40,000 पर्यटक मौजूद थे। अलीपुर की आय 31,75,755 है। क्रिसमस की सुबह से ही राज्य के कई चिड़ियाघरों के बाहर लंबी लाइनें लगी हुई हैं। लेकिन अब दर्शकों को ऑनलाइन टिकट खरीदने की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चिड़ियाघर उत्सव के मूड में आगंतुकों से भरा हुआ है।

## बेलगाछिया में तकनीकी खराबी से मेट्रो सेवा बाधित, यात्री हुए परेशान

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरुवार की सुबह एक बार फिर कोलकाता मेट्रो की सेवा में बाधा आई, जिससे ऑफिस जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह नौ बजे के करीब बेलगाछिया स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो लगभग आधे घंटे तक रुकी रही। इस दौरान गिरीश पार्क से कवि सुभाष तक सीमित रूप से मेट्रो चल रही थी, लेकिन डाउन लाइन की सेवा आंशिक रूप से जारी रही। मिली जानकारी के अनुसार, बेलगाछिया स्टेशन पर दक्षिणेश्वर से आ रही मेट्रो को यात्रियों से खाली कराकर रोक दिया गया। इसके बाद मेट्रो को लगभग 30 मिनट तक वहीं खड़ा रखा गया। इस बीच स्टेशन पर



भीड़ बढ़ने लगी और यात्रियों की परेशानियां और अधिक बढ़ गईं। हालांकि, सुबह 9:30 बजे के बाद मेट्रो सेवा शुरू कर दी गई, लेकिन यात्रियों की भीड़ के कारण स्थिति सामान्य नहीं हो पाई। दक्षिणेश्वर और दमदम से ही मेट्रो पूरी तरह भरी हुई आ रही थी, जिससे अगले स्टेशनों पर यात्री चढ़ नहीं पा रहे थे। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

## सोनारपुर में दहेज की बलि चढ़ी गृहिणी, पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शादी के एक महीने बाद गृहिणी दहेज की भेंट चढ़ गई। मृतका के परिजनों ने ससुर, पति, जेठ और जेठानी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पति को गिरफ़्तार कर लिया गया। दक्षिण चौबीस परगना के सोनारपुर की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका का नाम सीता मंडल है। यह घटना दक्षिण चौबीस परगना के भंडार के चंदनेश्वर इलाके में घटी । इस साल 17 नवंबर को स्वामी स्वामी अरूप नस्कर सोनारपुर के कालिकापुर के मुरोगाछी इलाके के रहने वाले हैं। वह कोलकाता के लेदर कॉम्प्लेक्स थाना इलाके की एक फैक्ट्री में काम करता था। पिता के घर के लोगों का दावा है कि शादी के बाद ससुराल वाले पैसे के लिए लड़की को प्रताड़ित करते थे। उसके माता-पिता ने आखिरी बार 24 दिसंबर की रात को सीता से फोन पर बात की थी। फिर कल बुधवार 25 दिसंबर की सुबह उन्होंने कई बार फोन किया, लेकिन दुल्हन ने फोन नहीं उठाया। दोपहर में पिता को बेटी की मौत की जानकारी दी गई।

## मुर्शिदाबाद में मकान से व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद

**मुर्शिदाबाद :** बंद घर से तीन दिन के बाद सडा गला शव बरामद किया गया। यह घटना मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज थाना अंतर्गत प्रतापपुर इलाके में हुई। मालूम हो कि बापी दास (50) तीन साल से रघुनाथगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर इलाके में प्रतिमा हलधर नामक महिला के घर में रह रहे थे। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर है। बापी का पैतृक घर सुती के अहिरान मोहल्ले में है। लेकिन काम की सुविधा के लिए वह रघुनाथगंज इलाके में एक मकान किराये पर लेता था। वह प्रतिमा के मकान में दूसरी मंजिल पर एक कमरा अकेले किराये पर रखता था। कुछ दिन पहले उनकी पत्नी की भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक अचानक उन्हें बापी तीन दिनों से घर से बाहर नहीं निकलता दिख रहा है। इलाके के निवासियों ने बताया कि बुधवार शाम कई बार कॉल करने के बावजूद उन्होंने अंदर से कोई जवाब नहीं दिया। बाद में उसके परिवार को भी सूचना दी गई। तभी, गुरुवार की दोपहर बापी के घर से सड़ांध की दुर्गंध आई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। घर के मालिक समेत आसपास के लोगों ने उसका सड़ता हुआ शव देखा। रघुनाथगंज पुलिस ने तत्काल शव को बरामद कर लिया। रघुनाथगंज थाने की पुलिस इस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

## रेलवे लाइन पर बम रखने की योजना नाकाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** निमितिता स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर रेलवे लाइन पर एक बम बरामद हुआ । अचानक आसपास के लोगों ने देखा कि रेलवे लाइन के किनारे बम रखा हुआ है! जब लोग ऐसे बुरे काम करते हैं, तो वे इसे देखते हैं। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। जंगीपुर जाने वाली ट्रेन निमितिता स्टेशन पर फंस गई। काफी देर तक ट्रेन रुकी रही। घटना की जानकारी मिलने पर रेलवे अधिकारी पहुंचे। सुती थाने की पुलिस पहले ही दो लोगों को गिरफ्तार कर ले गई है। बम बरामद कर लिया गया।

## मुर्शिदाबाद में दीवार से दबकर चार वर्षीय बच्चे की मौत

**मुर्शिदाबाद :** चार साल का बच्चा घर के बगल में खेल रहा था। अचानक पड़ोसी के घर की कच्ची दीवार ढह गई। उस दीवार से दबकर एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई। यह दुखद घटना मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज के प्रसादपुर इलाके में हुई। मृत बच्चे का नाम जय दास है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार जॉय गुरुवार सुबह घर के पास खेल रहा था। तभी मकान के एक तरफ की मिट्टी की दीवार ढह गई। वह मलबे के नीचे दब गया था और उसे बचाने की कोशिश की गई। पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय निवासियों ने जॉय को लहूलुहान हालत में बचाया और उसे जंगीपुर सब-डिविजनल अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, बाद में रघुनाथगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर जिला अस्पताल मुर्दाघर भेज दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता राजस्थान सांस्कृतिक विकास परिषद देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर गंभीर शोक व्यक्त करता है। परिषद के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र मूंधड़ा ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपने नेतृत्व और आर्थिक नीतियों से विषम स्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी। परिषद के महासचिव केशव भट्टड, सदस्यों संतोष मोहता, सत्येंद्र सिन्हा, पी शीतल हर्ष ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महासचिव केशव भट्टड़ ने कहा कि मनरेगा योजना के लिए देश मितभाषी, मृदुभाषी अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का सदा आभारी रहेगा। वे सही अर्थों में गेम चेंजर साबित हुए।

## सरकारी जनहित योजना की जांच के लिए जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिलाधिकारी मुक्ता आर्या ने जिला के अन्य अधिकारियों को साथ लेकर हरिपाल ब्लॉक का जायजा लिया। राज्य सरकार की विभिन्न सरकारी जनहित योजनाओं की जांच के लिए हरिपाल ब्लॉक में जगह-जगह जाकर निरीक्षण किया। विभिन्न योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं बांग्ला नेनो बाड़ी के लिए लाभार्थी, प्राथमिक विद्यालय, आईसीडीएस केंद्र, पीएचई योजना, हरिपाल ग्रामीण अस्पताल आदि का निरीक्षण किया गया। कैकला ग्राम पंचायत में कृष्णा बल्लभबाटी प्राथमिक विद्यालय मैदान में स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गई। विभिन्न विकासात्मक विषयों जैसे बांग्लार बाड़ी, कन्याश्री, रूपश्री, लक्ष्मी भंडार, आईसीडीएस बुनियादी ढांचे, पीएचई योजनाएं, उचित मूल्य की दुकानें, धान खरीद, भूमि उत्परिवर्तन, कृषि आदि पर चर्चा की गई।



परम पूज्य गुरुदेव नममूनी महाराज का गुजरात के वेरावल में आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कोलकाता के नवलखा उपाश्रय के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी।

## न्याय की मांग पर आरजीकर अस्पताल के डॉक्टरों का धरना जारी, हाईकोर्ट का रुख किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्याय की मांग को लेकर 'वेस्ट बंगाल ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स' और 'अभया मंच' ने धर्मतला में धरना-प्रदर्शन जारी रखने की अनुमति के लिए हाई कोर्ट का रुख किया है। इन संगठनों ने बुधवार को कोलकाता पुलिस आयुक्त को इस बारे में सूचित किया था, लेकिन पुलिस ने इसे नामंजूर कर दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार, गुरुवार तक धरना समाप्त कर डोरिना क्रॉसिंग को खाली करना होगा। अभया मंच के प्रतिनिधि उत्पल बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि धरना जारी रखने के लिए उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसकी जल्द सुनवाई होने की संभावना है। उत्पल ने कहा कि सीबीआई और राज्य प्रशासन की ओर से न्याय की दिशा में कोई ठोस कदम



नहीं उठाया गया है। इसलिए हमें यह प्रदर्शन जारी रखना आवश्यक लग रहा है। आज डॉक्टर्स संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल सीबीआई के जांच अधिकारी से मुलाकात करेगा। संगठन ने राज्य के मुख्य सचिव और सीबीआई निदेशक को पत्र लिखकर जल्द से जल्द सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने, संदीप घोष के खिलाफ चार्जशीट पेश करने और हत्या-बलात्कार की साजिश में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सात दिवसीय 30वां कोलकाता हिंदी मेला शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजा राममोहन हाल में गुरुवार को हिंदी मेला का उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध साहित्यकार विजय बहादुर सिंह ने कहा कि हिंदी मेला को देश भर में हिंदी की गरिमा और भारतीय अखंडता के मेले के रूप में देखा जा रहा है। सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन द्वारा आयोजित यह मेला सात दिनों का है और आज से यह मानिकतला के फेडरेशन हाल में है। इस अवसर मेला के संस्थापकों में एक मानिक बच्छावत को श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। कवि-कथाकार और पूर्व- आईपीएस अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि 30 सालों से हिंदी मेला की निरंतरता बेमिसाल है और हिंदी भाषियों के लिए गर्व की बात है। कथाकार शर्मिला बोहरा जालान ने कहा कि हिंदी मेला नई पीढ़ी को साहित्यिक प्रोत्साहन का मंच है। हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नंदिनी साहू ने कहा कि बंगाल में हिंदी के अध्ययन, शोध और प्रचार की व्यापक संभावना है। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो. संजय जायसवाल ने कहा कि हिंदीतर प्रांत में आयोजित हिंदी मेला युवाओं में सांस्कृतिक जागरण और मानवता के प्रसार का एक राष्ट्रीय अभियान है। अमिताभ बच्छावत ने कहा कि हिंदी मेला की यह यात्रा जारी रहेगी। मेला के संरक्षक रामनिवास द्विवेदी ने कहा कि अतीत में युवाओं ने कई अवसरों पर युग परिवर्तन किया है। हिंदी मेला में नाटक के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए युवा रंगकर्मी मृत्युंजय भट्टाचार्य को माधव शुक्ल नाट्य सम्मान से सम्मानित किया गया। लघु नाटक प्रतियोगिता में शिखर सम्मान विद्यासागर विश्वविद्यालय, प्रथम स्थान, नैहाटी नाट्य संस्था, द्वितीय स्थान स्टडी मिशन स्कूल को, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता आदित्य साव, खुदीराम बोस सेंट्रल कालेज, श्रेष्ठ निर्देशक विशाल कुमार साव, श्रेष्ठ अभिनेत्री नेहा साव, श्रेष्ठ बाल कलाकार अभिनव गुप्ता को मिला।

# विधान गार्डन में एक शाम श्याम के नाम कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के विधान गार्डन में एक शाम श्याम के नाम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ, जहां पर काफी भारी संख्या में भक्त शामिल हुए। पिछले 13 वर्षों से 25 दिसंबर के दिन यह कार्यक्रम किया जाता है जहां श्री श्याम को 56 प्रकार के भोग लगाए जाते हैं। विधिवत पूजा अर्चना की जाती है और इसके बाद देर रात प्रभु इच्छा तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। कोलकाता व कोलकाता के आसपास के रहने वाले काफी सारी संख्या में भक्त श्री श्याम प्रभु के एक झलक पाने की लालसा लिए हुए यहां पहुंचते हैं। यहां पर प्रसाद का भी वितरण किया



जाता जहां हजारों की संख्या में भक्ति प्रसाद ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सुजीत अग्रवाल ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से लगातार कार्यक्रम किये जा रहे हैं और आने वाले दिनों में भी किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि साल भर संस्था की ओर से किसी न किसी तरह के छोटे बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो मानवता के साथ जुड़ा हुआ रहता है। वहीं, उन्होंने बताया कि बागनान में संस्था की ओर से जमीन की खरीदी की गई है। वहां, जल्द ही आने वाले वर्षों में श्री श्याम की कृपा से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में बंगाल के तीन श्रमिकों की टावर गिरने से मौत

**सीधी/कोलकाता :** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में बिजली टावर गिरने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सभी मृतक बंगाल के निवासी थे। यहां टावर शिफ्टिंग के दौरान अचानक से टावर टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में आने की वजह से दो श्रमिकों की घटनास्थल पर मौत हो गई, वही एक की अस्पताल ले जाने के दौरान जान चली गई। 6 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हैं, जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, हादसे की जानकारों जैसे ही पुलिस और प्रशासन को लगी तो वो मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। जानकारी अनुसार हादसा आज दोपहर 12:30 बजे हुआ। रामपुर



नैकिन जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पटेहरा में करीब 70 फीट ऊंचाई पर 132 केवी हाईटेंशन टावर खड़ा करते समय अचानक बीच से टूट गया। टावर टूटने से वहां काम कर रहे 9 श्रमिक अचानक ऊंचाई से गिर गए। अचानक हुए इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अस्पताल ले जाने के दौरान एक श्रमिक ने दम तोड़ दिया। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों के माध्यम से प्राइवेट वाहन करके घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन भिजवाया गया, जहां से सभी घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। यहां वे जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। सूचना मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंच रहे हैं। सभी श्रमिकों पश्चिम बंगाल के निवासी बताए जा रहे हैं। सीधी एसपी डॉ रविंद्रा वर्मा ने बताया कि रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत पटेहरा गांव में बिजली टावर की शिफ्टिंग का काम चल रहा था। इस दौरान जर्जर हालत में खड़ा एक टावर अचानक गिर गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

## बीएसएफ ने बांग्लादेश सीमा से अफ्रीकन जंगली बिल्ली को तस्करी से बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत 56वीं वाहिनी की सीमा चौकी भट्टूपाड़ा के जवानों ने नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बुधवार देर रात वन्यजीव की तस्करी को विफल करते हुए एक अफ्रीकन जंगली बिल्ली (सर्वल- लेप्टेल्यूरस सर्वल) को तस्करों के चंगुल से आजाद कराया। बीएसएफ ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि तस्कर इस बिल्ली को सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश में तस्करी करने की फिराक में थे। ज्ञात हो कि लेप्टेल्यूरस सर्वल अफ्र ीका की एक जंगली बिल्ली है। उप-सहारा देशों में व्यापक रूप से पाई जाने वाली यह बिल्ली वर्षावन क्षेत्रों के बाहर के क्षेत्रों में आम है। अपने पूरे क्षेत्र में इसे शिकार से बहुराष्ट्रीय सुरक्षा प्राप्त है,



जहां जानवर का शिकार या तो पूरी तरह से प्रतिबंधित है या सख्ती से नियंत्रित है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के प्रवक्ता व डीआइजी एनके पांडे ने बताया कि सीमा चौकी भट्टूपारा इलाके में द्वितीय पाली की ड्यूटी के दौरान जवानों ने तीन-चार बदमाशों को भारतीय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर आते हुए देखा। जवान ने तुरंत रेडियो सेट पर अपने साथी जवान को सतर्क किया और संदिग्धों को पकडऩे के लिए दौड़कर पीछा किया कि तो एक बड़ा बक्सा लेकर जा रहे दो बदमाशों ने सीमा के पास बक्शा को गिरा दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जवानों ने लकड़ी के बक्से जब्त कर तलाशी ली तो उसमें से एक अफ्रीकन जंगली बिल्ली मिली। जब्त बिल्ली को आगे पुनर्वास के लिए जिला वन कार्यालय, कृष्णानगर को सौंप दिया गया है। इस सफलता पर बीएसएफ डीआइजी ने अपने जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे सतर्क प्रहरियों की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई देश की सीमाओं और उसके वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए बल की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## हावडा.जूट मिल गेट पर बीसीएमयू सहित 21 केंद्रीय ट्रेड यूनियन का धरना व अवस्थान

**हावडा, समाज्ञा :** बंगाल चटकल मजदूर यूनियन सहित 21 केंद्रीय ट्रेड यूनियन के पुकार पर 7 दिन व्यापी धरना एवं अवस्थान की कर्मसूचि हावडा.जूट मिल गेट पर गुरुवार से शुरू की गयी। यह अवस्थान



दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार 7 दिनों तक चलेगा। त्रिपाक्षिक समझौता को जल्द से जल्द लागू करना होगा, हावडा.मिल श्रमिकों का बकाया पी एफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, एस टी एल का रूपया जल्द से जल्द देना होगा, सभी श्रमिकों को काम देना होगा, पीएफ, ग्रेच्युटी न देकर किसी भी श्रमिकों को काम से बैठाना नहीं चलेगा सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में यह धरना एवं अवस्थान चल रहा है। इस मौके पर सीआईटीयू केंद्रीय कमेटी नेता दीपक दासगुप्ता, सीटू नेता शैलेंद्र कुमार राय, बीसीएमयू हावडा.शाखा सचिव प्रनव चटर्जी, रवि दास, शम्शुद्दीन अंसारी, विश्वनाथ प्रसाद, मो गफ्फार सहित कांग्रेस एवं अन्य यूनियन के नेतृत्व इस धरना एवं अवस्थान को संबोधित किये।

# वन विभाग ने बाघिन जीनत को मानव बस्तियों में घुसने से रोकने के लिए लगाया जाल

### ओडिशा के आरक्षित वन क्षेत्र से भटककर पहुंची बाघिन को पकड़ने के प्रयास जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के वन विभाग ने बाघिन जीनत को निकटवर्ती मानव बस्तियों में घुसने से रोकने के लिए पुरुलिया जिले के बंदवान वन क्षेत्र के किनारे एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में नायलान का जाल लगाया है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को बाघिन की मौजूदगी के बारे में सतर्क किया गया है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो सप्ताह पहले ओडिशा के सिमिलिपाल आरक्षित वन क्षेत्र (एसटीआर) से भटककर पहुंची बाघिन इस समय पुरुलिया जिले में है और उसे पकडऩे के प्रयास जारी हैं। मुख्य वन संरक्षक एस कुलंदैवेल ने कहा कि बाघिन को आखिरी बार बंदवान वन क्षेत्र के भीतर एक पहाड़ी के पास कंटीली झाडिय़ों में देखा गया था। उन्होंने कहा कि रेडियो कालर की मदद से उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कुछ स्थानों पर तीन ट्रैंक्विलाइजिंग दलों को तैनात किया गया है। कुलंदैवेल ने बताया कि जाल लगाने का काम सुंदरबन बाघ अभयारण्य के कर्मियों द्वारा किया गया है, जिन्हें इस मामले में विश-ेषज्ञता हासिल है। उन्होंने कहा कि ओडिशा वन विभाग के दल भी जीनत की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन देबल राय ने कहा कि उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्मार्ट कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। जीनत छह दिन पहले झारखंड से बंगाल पहुंची थी और तीन दिन तक जंगलमहल क्षेत्र के झाड़ग्राम तथा पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में घूमने के बाद वह पुरुलिया पहुंची। अभी तक उसने सिमिलिपाल में अपने मूल प्रवास स्थान पर वापस लौटने का कोई संकेत नहीं दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रांची में पेट्रोल पंप कर्मचारी से 14 लाख रुपये की लूट

**रांची :** रांची में बाइक सवार दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी से बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े 14 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह वारदात रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा के पास हुई। रातू थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप कर्मचारी बैंक में रकम जमा करने जा रहा था। उन्होंने बताया, दो बाइक सवार बदमाशों ने पैसों से भरा थैला छीन लिया और भाग गए। सिंह ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### मायावती ने कांग्रेस पर आंबेडकर का तिरस्कार करने का आरोप लगाया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर बी आर आंबेडकर तथा उनके अनुयायियों का तिरस्कार करने और पूंजीपतियों का सहयोग करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा, कांग्रेस पार्टी का चरित्र दोहरा है। वह पूंजीपतियों का विरोध कर संसद अवरुद्ध करती है, लेकिन उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुंचाती है जो इनकी राज्य सरकारों के क्रियाकलापों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, कांग्रेस आंबेडकर के मामले में उनका और उनके अनुयायियों की उपेक्षा और तिरस्कार करती है, लेकिन उनके वोट के स्वार्थ के खातिर किस्म-किस्म की छलावापूर्ण राजनीति भी करती है जिससे लोगों को हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत है। मायावती ने कहा, देश की अधिकतर पार्टियां बड़े-बड़े पूंजीपतियों के धनबल के सहारे अपनी राजनीतिक गतिविधियां करती हैं और चुनाव लड़ती है, जैसा कि 2023-24 में इनको मिले अकूत धन के आंकड़ों से साबित है।

# सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे: योगी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है और इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश और धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। मुख्यमंत्री आवास पर बृहस्पतिवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के आयोजन को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो-चार परिवार ही बचे हैं। उन्होंने कहा, ''जब बांग्लादेश की घटना और पाकिस्तान के अंदर



अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनकी प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे।'' इस दौरान ऐतिहासिक समागम और 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के इस जुझारू और समृद्ध समुदाय ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ और परिश्रम की मिसाल प्रस्तुत की है। सिखों ने बड़ी संख्या में फौज में जाकर भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया है। लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम और पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

### पूर्व सांसद ने सपा नेता पर प्राचीन मंदिर पर कब्जा करने का आरोप लगाया

**कन्नौज (उप्र) :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने बृहस्पतिवार को जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल से मिलकर सपा नेता कैश खां पर बाला पीर में प्राचीन जागेश्वर नाथ मंदिर पर कब्जा करने का आरोप लगाया। पूर्व सांसद की शिकायत पर जिला मजिस्ट्रेट ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विश्व हिन्दू परिषद ने भी जिला मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर मंदिर पर कब्जा किए जाने की शिकायत की है। जिला मजिस्ट्रेट से मिलने के बाद पूर्व सांसद ने पत्रकारों को बताया कि कन्नौज के बालापीर मोहल्ले में सपा नेता कैश खां ने आधे से ज्यादा मंदिर पर कब्जा कर उसके भीतर कुएं को बंद करा दिया और मूर्तियां कुएं में डाल दी हैं।

## न्यूज अपडेट

### महाकुम्भ मेले में पांच एकड़ क्षेत्र में बनेगा उत्तर प्रदेश मंडप

**लखनऊ :** महाकुंभ 2025 में पर्यटन विभाग लगभग पांच एकड़ में उत्तर प्रदेश राज्य मंडप की स्थापना करेगा जहां प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों सहित अन्य आकर्षणों की झलक लोगों को देखने को मिलेगी। हस्तशिल्प बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे। इसमें लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध हस्तशिल्प बाजार सजाया जाएगा। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झांकी भी प्रस्तुत की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, महाकुम्भ नगर के सेक्टर 7 नागव-ासुकि मंदिर के समीप लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में बनाए जा रहे उत्तर प्रदेश राज्य मंडप में रामायण सर्किट, कृष्ण ब्रज सर्किट समेत प्रदेश के 12 प्रमुख सर्किटों को दर्शाया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस मंडल में 15,000 वर्गफुट के वृहद मानचित्र पर थ्री-डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को दर्शाया जाएगा और इनके महात्म्य के बारे में बताया जाएगा। सिंह ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अपनी विशिष्टता है। धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां के व्यंजन, हस्तशिल्प, गीत और नृत्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। महाकुंभ-2025 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रदेश की प्रसिद्ध विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के लिए इस मंडप में 75 स्टॉल लगाए जाएंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तीन मंच बनाए जाएंगे।

### भक्ति के नाम पर 'दिखावा' करती है भाजपा : सपा सांसद

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद सनातन पांडेय ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भक्ति के नाम पर 'दिखावा' करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर अयोध्या में भक्ति भाव से राम मंदिर बना होता तो भाजपा अयोध्या में लोकसभा चुनाव नहीं हारती। सपा नेता ने यह भी कहा कि कई जगहों पर जारी मंदिर-मस्जिद की लड़ाई के पीछे कोई भक्ति भाव नहीं है। पांडेय ने जिला मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को जन चौपाल कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा, ''मंदिर मस्जिद की लड़ाई जो सामने से दिखाई दे रही है, उसके पीछे भक्ति नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''भक्ति भाव से राम मंदिर बना होता और भक्ति होती तो वहां से सपा का सांसद चुनाव नहीं जीतता। भाजपा के लोग दिखावे का काम करते हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के नाम पर हजारों लोगों को उजाड़ दिया गया।

### सपा ने आयोग से मांगी उपचुनाव में हारी हुई सीटों पर मतदान केन्द्रों के अंदर की फुटेज और वीडियो

लखनऊ : समाजवादी पार्टी (सपा) ने चुनाव आयोग से हाल में सम्पन्न नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में अपनी हारी हुई सात सीटों पर मतदान केन्द्रों के अन्दर सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकार्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। पार्टी द्वारा जारी बयान के मुताबिक सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हाल ही में सम्पन्न नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में से सात सीटों कटेहरी, कुंदरकी, फूलपुर, मझवां, मीरापुर, खैर और गाजियाबाद पर हुए उपचुनाव में सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जारी करने की मांग की है। उपचुनाव में इन सभी सीटों पर सपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

### उप्र : संभल में मृत्यु कूप नाम के कुएं की खुदाई शुरू

**संभल (उप्र) :** जिला प्रशासन ने संभल कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कोट पूर्वी में प्राचीन मृत्यु कूप की खुदाई और जीर्णोद्धार का काम बृहस्पतिवार को शुरू कर दिया। संभल में पुराणों में वर्णित, अति प्राचीन और धार्मिक महत्व के माने जाने वाले कुओं की पहचान कर उनकी खुदाई और जीर्णोद्धार की पहल के तहत यह कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वर्षों पूर्व इन कुओं को या तो ऐसे ही छोड़ दिया गया था या इनमें मलबा भरकर इन्हें पाट दिया गया था। ऐतिहासिक महत्व के इन कुओं को लेकर लोगों की मान्यता है कि इनके पानी से स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। क्षेत्र के पार्षद गगन वार्ष्णेय ने कहा '' आज संभल के ऐतिहासिक मृत्यु कूप की खुदाई शुरू की गई है। यह बहुत प्राचीन कूप है। यह खुदाई नगर पालिका के सहयोग से की जा रही है। मृत्यु कूप को लेकर मान्यता है कि यहां स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।'' स्थानीय लोगों का कहना है कि मृत्यु कूप की खुदाई और जीर्णोद्धार से संभल में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह कुआं शाही जामा मस्जिद के पास है जहां पिछले महीने सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मृत्यु हुई थी।

### कन्नौज पुलिस ने पूरी तरह से ई-कार्यालय व्यवस्था अपनाई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में कन्नौज पुलिस ने पूर्ण रूप से ई-कार्यालय व्यवस्था अपना ली है। उन्नाव प्रदेश में पहला ऐसा जिला बन गया है जहां की पुलिस ने ई-कार्यालय व्यवस्था अपनाई है और इसके सभी थानों से मोटी मोटी फाइलें हटा दी गई हैं। कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस क्रम में सभी पुलिस थाने, क्षेत्राधिकारी के कार्यालय एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में ई-कार्यालय व्यवस्था अब लागू हो गई है। उन्होंने कहा, इस पहल के तहत कन्नौज पुलिस अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ गई है जिससे कागज आधारित व्यवस्था खत्म हो गई और प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इस बदलाव के साथ, कन्नौज सभी थानों और कार्यालयों में 100 प्रतिशत ई-कार्यालय व्यवस्था लागू करने वाला पहला जिला बन गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मिशन मोड पर काम करें : मुख्यमंत्री

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मिशन मोड पर काम करने के निर्देश देते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, प्रशासन और जनता सभी का योगदान आवश्यक है। शर्मा बृहस्पतिवार को को मुख्यमंत्री निवास पर सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मिशन मोड पर काम करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाए तथा राज्य भर में चिन्हित 'ब्लैक स्पॉट्स' को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि जनवरी से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। साथ ही, जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।



## 'पंजाब बंद' के आह्वान को विभिन्न वर्गों से मिल रहा अच्छा समर्थन: पंधेर

**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बृहस्पतिवार को कहा कि 30 दिसंबर को 'पंजाब बंद' के आह्वान को विभिन्न वर्गों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। 'पंजाब बंद' का आह्वान करने का निर्णय पिछले सप्ताह संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) द्वारा लिया गया था। बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम ने बृहस्पतिवार को खनौरी विरोध प्रदर्शन स्थल पर ट्रांसपोर्टर, कर्मचारियों, व्यापारियों और अन्य की एक बैठक बुलाई। पंधेर ने खनौरी सीमा पर संवाददाताओं को बताया कि 30 दिसंबर को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक 'पंजाब बंद' का आयोजन किया जाएगा। पंधेर ने कहा कि 30 दिसंबर को 'पूर्ण बंद' रहेगा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। पंधेर ने कहा कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर, कर्मचारी संघों, टोल प्लाजा कर्मचारियों, श्रमिकों, भूतपूर्व सैनिकों, सरपंचों, शिक्षक संघों, सामाजिक एवं अन्य निकायों तथा कुछ अन्य वर्गों ने बंद को अपना समर्थन दिया है। किसान नेता ने कहा कि इसके अलावा आम लोग भी इसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बंद केंद्र को किसानों की मांगें मानने के लिए मजबूर करेगा। उन्होंने किसानों की मांगें नहीं मानने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा।



# पशु क्रूरता पर वामिका गब्बी ने बुलंद की आवाजा, दिल तोड़ने वाला वीडियो शेयर कर कहा- दयालु बनें



वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोर रहीं बॉलीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी ने पशु क्रूरता के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। अभिनेत्री ने अपने फैंस से शाकाहारी जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया है। वामिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्टोरी शेयर करते हुए मांस, डेयरी, सौंदर्य प्रसाधन और परिवहन जैसे उद्योगों में जानवरों के साथ होने वाली क्रूरता की ओर ध्यान आकर्षित किया।

### साझा किया दिल तोड़ने वाला वीडियो

गुरुवार को अभिनेत्री वामिका गब्बी ने भेड़ों के काटे जाने का एक परेशान करने वाला वीडियो शेयर किया। जानवरों के साथ होने वाली क्रूरता को देखकर दुखी होकर, वामिका ने लिखा, जिस दिन आप सच्चाई देखना चाहेंगे, आपको पता चल जाएगा कि आप किस अपराध का हिस्सा बन रहे हैं। यह पूरी तरह से बुराई है। यह दिल तोड़ने वाला है।

### वामिका ने कहा-दयालु बनें

अभिनेत्री ने आगे कहा, शाकाहार चुनें, शवों को खाना बंद करें, इन खूबसूरत प्राणियों पर अत्याचार करना बंद करें। स्वच्छ खाएं, आप वही हैं, जो आप खाते हैं। हम इंसान हैं। हमारे पास विकल्प हैं। हम चुनाव कर सकते हैं। दयालुता चुनें।

### शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित करती हैं

अभिनेत्री अक्सर क्रूरता-मुक्त आहार लेने के लिए कहती हैं। अभिनेत्री वामिका गब्बी हमेशा अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को शाकाहारी बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

### वामिका गब्बी का वर्क फ्रंट

अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अभिनेत्री को बेबी जॉन में अधीरा वर्मन आईपीएस के रूप में देखा गया। क्रिसमस पर इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया और पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 12.5 करोड़ रुपये कमाए। उनकी आगामी फिल्मों की बात करें तो वह अगली बार दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ फिल्म 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में दिखाई देंगी।

# जब देते हैं फ्लॉप फिल्म-खराब परफॉर्मेंस, घर में होते हैं बुली वरुण धवन

वरुण धवन ने अपने अब तक के एक्टिंग करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्में की हैं। फिल्म के बाद उन्हें दर्शकों को रेस्पॉन्स मिलता ही है, लेकिन घर पर किसी फिल्म के फ्लॉप होने पर, खराब एक्टिंग करने पर अपने सबसे करीबी लोगों से ही क्रिटिसिज्म का सामना करना पड़ता है।

### कौन देता है सच्चा रिव्यू

वरुण हालिया दिए एक इंटरव्यू में बताते हैं कि जब उनकी कोई फिल्म फ्लॉप होती है तो घर पर उनके भाई रोहित उनकी अच्छी खासी क्लास लेते हैं। वरुण कहते हैं, 'भाई, मेरी फिल्म के सोशल मीडिया रिव्यू, कमेंट पढ़कर सुनाते हैं।' इसी तरह पिता और डायरेक्टर डेविड धवन भी वरुण के सबसे बड़े क्रिटिक हैं। वह वरुण को हमेशा सच्चाई से वाकिफ कराते हैं।

### इनसिक्योरिटी पर भी बात की

वरुण आगे कहते हैं कि जब करियर की शुरुआत की थी तो उन्हें अपने को-एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा से जलन होती थी। वरुण बताते हैं कि उन्हें लगता था कि सिद्धार्थ लंबे हैं, सुंदर दिखते हैं। ऐसे में वह उनके सामने दर्शकों को कहां नजर आए। यही कारण रहा है कि वह सिद्धार्थ मल्होत्रा से इनसिक्योर हो गए। लेकिन बाद में उनकी यह इनसिक्योरिटी दूर हो गई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन ने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

### नेपोटिज्म को लेकर बोले



'बेबी जॉन' के एक्टर वरुण धवन ने इंटरव्यू में नेपोटिज्म पर भी बात की। वह बताते हैं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जब फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' कर रहे थे तो नेपोटिज्म वाली बात भी उन पर हावी थी। बाद में भी लोगों ने कहा कि डेविड धवन ने अपने बेटे को फिल्मों में आगे बढ़ाने के लिए फिल्में बनाई। लेकिन वरुण कहते हैं कि जब उन्होंने खुद को पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के जरिए खुद को साबित किया, तब ही पापा (डेविड) ने उनके लिए फिल्म बनाई।

# कौन थीं सिमरन सिंह?



रेडियो जॉकी सिमरन सिंह, जिन्हें आरजे सिमरन के नाम से जाना जाता है, गुरुग्राम स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाई गईं। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। सिमरन सिंह एक रेडियो जॉकी होने के साथ-साथ एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी थीं। सोशल मीडिया पर सिमरन की काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग थी। जानते हैं सिमरन सिंह की जिंदगी से जुड़े अनसुने किस्सो के बारे में।

### आरजे बनने का सफर किया तय

जम्मू-कश्मीर की मशहूर आरजे के इंस्टाग्राम पर छह लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। इंस्टाग्राम पर उनकी आखिरी पोस्ट 13 दिसंबर को एक रील थी, जिस पर उनके अचानक निधन से सदमे में आए प्रशंसकों के कमेंट की बाढ़ आ गई है। सिमरन सिंह जम्मू की रहने वाली थीं और इलाके में काफी मशहूर थीं।

### जम्मू की धड़कन कहकर जानी जाती थीं सिमरन

सिमरन के प्रशंसक उन्हें जम्मू की धड़कन कहकर बुलाते थे। यही नहीं, सिमरन सिंह एक मशहूर रेडियो स्टेशन से जुड़ी थीं, लेकिन बाद में उन्होंने वहां से निकलकर फ्रीलांस रेडियो जॉकी के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। सिमरन अपने फैंस के साथ ऐसे फनी रील्स साझा करती थीं, जो उनके फैंस को खुश कर देती थी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लोकप्रिय रेडियो जॉकी की दुखद और असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है।

### सोशल मीडिया पर फैला मातम

सिमरन के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके वेकेशन काफी सारी तस्वीरें मौजूद हैं। सिमरन घूमने फिरने की काफी शौकीन थीं। सिमरन की रील्स पर मिलियन में लाइक्स भी जाते थे, रेडियो जॉकी होने के बाद भी उन्होंने इंस्टाग्राम को अपना प्रोफेशन बनाया और कई सारे ब्रांड्स के साथ कौलेब भी किया। फैंस सिमरन के निधन की इस खबर को सुनकर काफी दुखी हैं।

### फैंस हैं दुखी

एक यूजर ने उनकी आखिरी पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, 'आपने ऐसा कदम क्यों उठाया। मुझे तो अभी तक भरोसा ही नहीं हो रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'सिमरन आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा, 'ये बेहद दुखद है। यह गलत स्टेप है।'

# अफेयर की अटकलों के बीच, फिर से साथ दिखे सुहाना खान-अगस्तय नंदा

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा के बीच एक नया रिश्ता बन रहा है। लंबे समय से यह अफवाह सुनने में आ रही है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन इस बारे में दोनों ने अभी तक खुलकर कुछ नहीं कहा है। हाल ही में उन्हें साथ देखा गया, दोनों एक पब्लिक प्लेस पर नजर आए। यहां पर पैपराजी ने उनकी वीडियो रिकॉर्ड की।

### बोट में बैठते हुए दिखे

मुंबई के एक बीच एरिया पर सुहाना खान और अगस्तय नंदा नजर आए। दोनों के आसपास आम लोग भी मौजूद थे। थोड़ी देर में दोनों एक बोट में बैठ गए। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है। फैंस ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिया है, जिसमें कई यूजर्स ने हार्ट इमोजी सुहाना और अगस्तय नंदा के लिए बनाए हैं।

### दीवाली पार्टी में भी साथ आए थे

कुछ महीनों पहले एक बॉलीवुड दिवाली पार्टी में सुहाना खान और अगस्तय नंदा को साथ-साथ एंट्री लेते हुए देखा गया। दोनों एक ही कार में बैठकर पार्टी में साथ आए थे।

### लंदन में वैकेशन करते भी दिखे



कुछ महीनों पहले भी एक वैकेशन पर सुहाना और अगस्तय नंदा साथ दिखे थे। दोनों लंदन में साथ नजर आए। वहां दोनों को एक साथ डिनर करते देखा गया। उनकी डिनर करते हुए फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। साथ में इतने सारे पब्लिक अपीरियंस के बाद भी सुहाना और अगस्तय नंदा ने अपने रिलेशनशिप में होने की बात को पब्लिकली स्वीकार नहीं किया है।

### फिल्म 'आर्चीज' में साथ एक्टिंग की

सुहाना और अगस्तय लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों ने साथ में फिल्म 'आर्चीज' में काम किया। इस फिल्म में दोनों ने एक-दूसरे के साथ रोमांस भी किया। ऐसा लगता है कि यहीं से इनके बीच असल जिंदगी में भी नजदीकियां बढ़ी हैं।

# बापू की विरासत को दिल्ली की सत्ता में बैठे लोगों से खतरा : सोनिया गांधी

**बेलगावी :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि देश की सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत को खतरा है। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) को भेजे पत्र में इन ताकतों का मुकाबला करने के लिए अपने संकल्प को फिर से दोहराने का आह्वान भी किया। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कार्य समिति की बैठक में उपस्थित नहीं हो सकीं और उन्होंने पत्र में इस पर अफसोस भी जताया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विस्तारित कार्य समिति की बैठक उसी स्थान पर हुई है, जहां 1924 के कांग्रेस अधिवेशन में



महात्मा गांधी को पार्टी अध्यक्ष चुना गया था। कांग्रेस ने उस ऐतिहासिक दिन के 100 साल पूरे होने के अवसर पर कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया। पार्टी ने कार्य समिति की बैठक को 'नव सत्याग्रह बैठक' नाम दिया है।

### मौजूदा कांग्रेस 'असली' नहीं, महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति कर रहे हैं फर्जी गांधी : कुमारस्वामी

**मांड्या (कर्नाटक) :** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में मौजूदा कांग्रेस ''असली'' नहीं है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ''फर्जी गांधी'' महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि गांधी ने कांग्रेस को भंग करने का आह्वान किया था। उन्होंने कांग्रेस की राज्य इकाई की आलोचना करते हुए इसे ''अली बाबा और चालीस चोरों'' की पार्टी करार दिया। कुमारस्वामी ने कहा, ''आज कांग्रेस के नेता महात्मा गांधी के नाम पर बेलगावी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन के शताब्दी समारोह को मनाने के लिए एकत्र हुए हैं, जिसकी अध्यक्षता खुद गांधी ने की थी। सरकार इस पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन मुझे कहीं भी गांधी का कटआउट नहीं दिखा, गांधी की जगह 'फर्जी गांधी' हैं जो गांधी के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उनके बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए हैं।''

## वक्फ समिति ने कर्नाटक, मप्र, राजस्थान के अधिकारियों को जानकारी देने के लिए 15 दिन का समय दिया



**कोयंबटूर : नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान के अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों से संबंधित जानकारी मुहैया कराने के लिए 15 दिन का समय दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष बृहस्पतिवार को इन तीनों राज्यों के अल्पसंख्यक मामलों के प्रमुख सचिव तथा राजस्व सचिव उपस्थित हुए। पाल के अनुसार, इन अधिकारियों द्वारा वक्फ संपत्तियों से संबंधित सवालों का जवाब बृहस्पतिवार को नहीं दिया जा सका, ऐसे में उन्हें 15 दिन का समय दिया है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि इन अधिकारियों को प्रश्नावली दी गई है और जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है। पाल का कहना है कि समिति जल्द ही पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेगी। संयुक्त समिति की बैठक के बाद उन्होंने बताया, ''मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलों के विभागों के प्रमुख सचिवों और राजस्व सचिवों को बुलाया था। हमने उनसे पहले सवाल भी किया था कि कितनी वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं, 'वामसी' पोर्टल पर कितनी संपत्तियां अपलोड हुई हैं, कितनी संपत्तियां पोर्टल पर अपलोड नहीं हैं, संपत्तियों से कितनी आय हो रही है?'' उन्होंने कहा, ''हमने इन अधिकारियों को जवाब के लिए बुलाया था। आज भी जवाब नहीं मिला। उन्हें और समय दिया है।'' पाल ने बताया, ''हम टूर पर जाएंगे। पश्चिम बंगाल, बिहार, लखनऊ जाना है। सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर जाने के लिए भी कहा है। इस बारे में हम लोकसभा अध्यक्ष से अनुमति लेंगे।'' सूत्रों के अनुसार, समिति के अध्यक्ष पाल ने इस बात पर नाराजगी जताई कि कर्नाटक से पूरा सहयोग नहीं मिल रहा है। कर्नाटक में कुछ किसानों की जमीन पर वक्फ बोर्ड के दावे से जुड़ा विवाद हाल में खड़ा हुआ था। संयुक्त समिति की बैठक शुक्रवार को भी होगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### 'बांसुरी उत्सव' के अगले कार्यक्रम में जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि दी जायेगी

**मुंबई :** वार्षिक संगीत कार्यक्रम 'बांसुरी उत्सव' के अगले महीने आयोजित होने वाले संस्करण में प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि दी जायेगी। आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक अस्पताल में 15 दिसंबर को निधन हो गया था। हुसैन की मृत्यु फेफड़े संबंधी समस्या ''इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस'' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण हुई थी। वह 73 वर्ष के थे। बांसुरीवादक विवेक सोनार के गुरुकुल प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित महोत्सव का 16वां संस्करण चार और पांच जनवरी को ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर सभागार में आयोजित किया जायेगा। सोनार ने एक बयान में कहा, ''उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से पूरा विश्व गहरे सदमे में है, इसलिए हम इस वर्ष बांसुरी उत्सव को प्रिय जाकिर भाई की याद में समर्पित कर रहे हैं। वह विश्व में भारत के सांस्कृतिक दूत थे।'' इसमें कहा गया है, ''उनके जाने से भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में एक शून्य पैदा हो गया है। हम उनकी याद में इस उत्सव का आयोजन कर रहे हैं।'' इस उत्सव का समापन बेगम परवीन सुल्ताना के शास्त्रीय गायन से होगा।

### आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी मामले में दलित, आदिवासी संगठन 28 दिसंबर को गुजरात में प्रदर्शन करेंगे

**अहमदाबाद :** गुजरात में दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के संगठन संसद में बाबासाहेब आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 28 दिसंबर को देशव्यापी प्रदर्शन में शामिल होंगे। कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष मेवाणी ने कहा कि शाह के इस्तीफे की मांग के लिए 28 दिसंबर को खोखरा क्षेत्र से सारंगपुर में आंबेडकर की प्रतिमा तक दलित, आदिवासी और ओबीसी संगठनों द्वारा एक गैर-राजनीतिक रैली आयोजित की जाएगी। मेवाणी ने कहा, ''मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आंबेडकर हमारा जुनून हैं, फैशन नहीं, क्योंकि उन्होंने एक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण समाज बनाने का सपना देखा था।''

### महाराष्ट्र के ठाणे में टेंपो से 8.42 लाख रुपये का गुटखा जब्त, चालक गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक टेंपो से 8.42 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। टेंपो को मंगलवार शाम भिवंडी इलाके में अरावली पुलिस चौकी के सामने देखा गया। भोईवाड़ा थाने के पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को वाहन की जांच के दौरान उसमें ले जाया जा रहा गुटखा मिला। पुलिस ने गुटखा और वाहन दोनों ही जब्त कर लिए। अधिकारियों ने बताया कि 39 वर्षीय टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान चालक ने पुलिस को बताया कि यह सामान गाबीबी नगर निवासी एक व्यक्ति ने मंगवाया था।

## क्या 'बीड के नक्सलियों' के खिलाफ कार्रवाई करेंगे फडणवीस: राउत

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर बीड के नक्सलियों को बचाने का आरोप लगाया। राउत ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि बीते कुछ वर्षों में बीड में 38 लोगों की हत्या हुई। उन्होंने कहा, अर्बन नक्सल फडणवीस का पसंदीदा शब्द है। आप बीड के नक्सलियों के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे। विपक्ष नौ दिसंबर को बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण व हत्या के मामले को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के खिलाफ हमलावर रुख अपनाए हुए है। राउत ने कहा कि देशमुख के वास्तविक हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 29 दिसंबर को बहुदलीय मोर्चा निकालने का आह्वान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री को बीड में नक्सलवाद खत्म करना चाहिए। फडणवीस और भाजपा बीड में नक्सलवाद को समर्थन दे रहे हैं, जिसकी वजह से जिले की हमारी प्रिय बहनें विधवा हो रही हैं? (देशमुख हत्याकांड का) सरगना मंत्रिमंडल में है।

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी नयी पारी की शुरुआत करने और राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत 'महायुति' को शानदार जीत दिलाने के बाद शिंदे की मोदी से पहली मुलाकात थी। इस दौरान, शिंदे के बेटे और तीन बार के लोकसभा सदस्य श्रीकांत तथा उनकी पुत्रवधू वृषाली भी उनके साथ थीं। शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। शिवसेना नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने



देश के कद्दावर नेता और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तथा महाराष्ट्र में महायुति सरकार की भावी रणनीति पर चर्चा की। संवाददाताओं से बातचीत में शिंदे ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को भारत को 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उनके सपने को साकार करने की दिशा में तहेदिल से काम करने का भरोसा दिलाया।

## न्यूज अपडेट

### मैं 500 शिक्षकों को जानता हूं जो स्कूल नहीं जाते, उन्होंने स्थानापन्न नियुक्त किए हैं: मंत्री

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने एक सार्वजनिक समारोह में स्वीकार किया कि वे कम से कम 500 ऐसे शिक्षकों को जानते हैं जो स्कूल नहीं जाते और उन्होंने छात्रों को पढ़ाने के लिए स्थानापन्न नियुक्त किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर बुधवार को रायसेन में आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह द्वारा की गई इस स्वीकारोक्ति का वीडियो वायरल होने के बाद, विपक्षी कांग्रेस ने इस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि यह मध्यप्रदेश के शिक्षा क्षेत्र की स्थिति को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में सिंह को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मैं व्यक्तिगत रूप से 500 शिक्षकों को जानता हूं जो स्कूल नहीं जाते और उन्होंने स्थानापन्न नियुक्त किए हैं। मेरे जिले में करीब 100 शिक्षक हैं। ये समाज की चुनौतियां हैं जिन पर हमें विचार करना होगा। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को टैग करते हुए हिंदी में एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, ''यह बहुत शर्म की बात है कि आपके मंत्री को पता है कि स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। फिर भी, कार्रवाई करने के बजाय, वह मंच से इसका महिमामंडन कर रहे हैं।'' मंत्री सिंह से बार-बार प्रयास करने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका।

### महाराष्ट्र : स्मार्टफोन निर्माता कंपनी के 'लोगो' वाले दो करोड़ रुपये मूल्य का नकली सामान जब्त

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने एक प्रमुख कंपनी के स्मार्टफोन के लिए बनाए गए नकली सामान जब्त किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक शहर में कई दुकानों पर छापेमारी के बाद दो करोड़ रुपये मूल्य का यह नकली सामान जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि नागपुर पुलिस की अपराध शाखा ने सीताबर्डी और धंतोली इलाकों में मोबाइल फोन की नौ दुकानों पर यह छापेमारी की। धंतोली इलाके की एक दुकान से एप्पल कंपनी के 'लोगो' वाली 59.94 लाख रुपये की नकली 'एसेसरीज' बरामद की गई। इसके अलावा सीताबर्डी क्षेत्र की दुकानों से 1.57 करोड़ रुपये मूल्य के नकली मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में कॉपीराइट अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने आत्महत्या की

**गुरुग्राम :** जम्मू कश्मीर की लोकप्रिय फ्रीलांस रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने यहां सेक्टर 47 में अपने किराए के घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिमरन के इंस्टाग्राम पर करीब सात लाख फॉलोअर्स थे। उन्होंने बताया कि बुधवार रात उनका शव उसके कमरे में लटका मिला और मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि सिमरन (जिन्हें उनके प्रशंसक जम्मू की धड़कन के नाम से जानते हैं) के इंस्टाग्राम प्रोफाइल से पता चलता है कि उन्होंने आखिरी बार 13 दिसंबर को रील पोस्ट की थी। पुलिस के अनुसार सिमरन के इंस्टाग्राम पर 6,82,000 फॉलोअर्स थे और वह पिछले कई महीनों से सेक्टर 47 के मकान नंबर 58 में अन्य दोस्तों के साथ किराए पर रहती थीं। सदर थाने के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे उसी घर में रहने वाली सिमरन की एक दोस्त से इसकी सूचना मिली। कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पाया कि सिमरन का कमरा अंदर से बंद था। टीम ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो पाया कि वह फंदे से लटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद यहां पहुंचे उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह कुछ समय से परेशान थीं। थाना प्रभारी ने कहा, हमने आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है।

### गोवा में आईपीएस अधिकारी ने यूट्यूबर और उसकी प्रेमिका को डूबने से बचाया

**मुंबई :** यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने कहा है कि वह और उनकी प्रेमिका क्रिसमस की शाम गोवा में समुद्र में तेज बहाव में बह गए थे, लेकिन एक अन्य जोड़े ने उन्हें डूबने से बचा लिया। सोशल मीडिया पर 'बीयर बाइसेप्स' के नाम से मशहूर रणवीर ने बुधवार शाम इंस्टाग्राम पर इस घटना की जानकारी साझा की। उन्होंने खुद और प्रेमिका की जान बचाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी और उनकी भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी पत्नी का आभार जताया। रणवीर ने कहा, हम अब पूरी तरह से ठीक हैं। लेकिन कल शाम छह बजे के आसपास मैं और मेरी प्रेमिका थोड़ी मुश्किल में फंस गए, जिससे एक अन्य जोड़े ने हमें बचाया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने असाधारण साहस और कला, संस्कृति व खेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाले 17 बच्चों को बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है, जिनमें कला एवं संस्कृति, वीरता, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण शामिल हैं। चौदह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से चुने गए सात लड़कों और 10 लड़कियों को सम्मान के तहत एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार पाने वालों में कला एवं संस्कृति में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाली 14 वर्षीय दिव्यांग लेखिका केया हतकर, कश्मीर के 12 वर्षीय सूफी गायक



अयान सजाद, 'सेरेब्रल पाल्सी' से पीड़ित 17 वर्षीय व्यास ओम जिग्नेश (संस्कृत साहित्य) शामिल हैं। वीरता श्रेणी में, नौ वर्षीय सौरव कुमार को तीन लड़कियों को डूबने से बचाने जबकि 17 वर्षीय इओना थापा को एक फ्लैट में 36 निवासियों को आग से बचाने के लिए सम्मानित किया गया। नवाचार के लिए, 15 वर्षीय सिंधूरा राजा और साइबर सुरक्षा उद्यमी रिशीक कुमार (17) को पुरस्कार दिया गया। खेल श्रेणी में जूडो खिलाड़ी हेमवती नाग, शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया।

## बिहार सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए छात्रों पर लाठीचार्ज करवाया : राहुल

**नयी दिल्ली :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दृष्टिकोण सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है। बीपीएससी की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीएससी) के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को पटना में विरोध-प्रदर्शन किया, जिस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों पर उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब उनमें से कुछ बैरिकेड तोड़कर बीपीएससी कार्यालय तक पहुंच गए और यातायात बाधित किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लाठीचार्ज का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैंने संसद में कहा था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटवाया गया था उसी तरह पेपर लीक करवाकर युवाओं का अंगूठा काटा जाता है।

## भारतीय नौसेना ने एक वर्ष में 230 से अधिक व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा प्रदान की

**नयी दिल्ली :** पश्चिमी अरब सागर में मालवाहक जहाजों पर हूती आतंकवादियों के हमलों और समुद्री डकैती की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, भारतीय नौसेना ने पिछले एक साल में 30 से अधिक जहाजों को तैनात किया है और 25 से अधिक घटनाओं पर कार्रवाई की है, जिससे 400 से अधिक लोगों की जान बचायी जा सकी। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने वर्ष के अंत में की गई एक समीक्षा में कहा कि उसने 4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के 90 लाख मीट्रिक टन से अधिक माल का परिवहन करने वाले 230 से अधिक व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा प्रदान की। हूती आतंकवादियों ने पूरे वर्ष लाल सागर में बड़ी संख्या में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया, जिसका उद्देश्य परोक्ष तौर पर इजराइल पर इसका दबाव बनाना था कि वह गाजा में अपने सैन्य हमले को रोक दे। रणनीतिक जलक्षेत्र में विभिन्न जहाजों के हमलों का सामना करने के बाद भारतीय नौसेना ने उन्हें सहायता प्रदान की। इजराइल-हमास संघर्ष के मद्देनजर, भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा अभियान शुरू किया है और पोतों की तैनाती करना जारी रखा है। नौसेना ने भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों और भारत के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं का परिवहन करने वाले जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन पर बारीक नजर रखी।

## नेहरू-गांधी की विचारधारा, बाबासाहेब के सम्मान के लिए आख़िरी दम तक लड़ेंगे: खरगे

**बेलगावी (कर्नाटक) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर फिर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा तथा बाबासाहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेगी। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम होता जा रहा है क्योंकि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का यह भी कहना था कि वर्ष 2025 कांग्रेस के संगठन के सशक्तीकरण



का साल होगा तथा सभी रिक्त पदों को भरा जाएगा और 'उदयपुर' के संकल्प को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। उन्होंने राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमने संसद सत्र में संविधान के ऊपर चर्चा के दौरान डाक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में गृह मंत्री का घोर अपमानजनक बयान सुना। हमने आपत्ति दर्ज की, विरोध जताया, प्रदर्शन किया। अब तो पूरे देश में प्रदर्शन हो रहा है।'' खरगे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार गलती मानने को तैयार नहीं है तथा अमित शाह से माफ़ी और इस्तीफ़ा लेना तो दूर, उलटा आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''गृह मंत्री के बचाव में प्रधानमंत्री ने बयान जारी किया। राहुल गांधी पर झूठा मामला दर्ज करा दिया। ये है आज के हुक्मरान का संविधान और उसके निर्माता के प्रति नज़रिया। परन्तु हम किसी से डरनेवाले नहीं हैं, ना ही झुकने वाले हैं। हम नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबासाहेब के सम्मान के लिए आख़िरी दम तक लड़ेंगे।''

# उच्चतम न्यायालय में बड़े फैसलों वाला रहा गुजरता साल

**नयी दिल्ली :** राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए चुनावी बांड योजना को समाप्त करने, 'बुलडोजर से भवनों को गिराने' के सरकारी फैसलों के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने और सभी अदालतों को धार्मिक स्थलों को लेकर विवादों पर सुनवाई नहीं करने का आदेश जारी करने जैसे फैसले इस साल उच्चतम न्यायालय के प्रमुख निर्णयों में रहे। इस साल सर्वोच्च अदालत में नेतृत्व परिवर्तन भी हुआ। भारत के प्रधान न्यायाधीश पद से न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने 11 नवंबर को यह जिम्मेदारी संभाली। न्यायमूर्ति खन्ना ने लंबित मामलों को कम करने के लिए उच्चतम न्यायालय में मामलों को सूचीबद्ध करने के तरीके में अहम सुधार किया और तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने वाले मामलों में मौखिक उल्लेख की पुरानी प्रक्रिया को समाप्त किया। इस साल देश में उपासना स्थलों को लेकर भी कई कानूनी विवाद सामने आए जिनमें से बहुत से मामले उच्चतम न्यायालय पहुंचे। ज्ञानवापी, मथुरा, भोजशाला और संभल जैसे कुछ मामलों में उपासना स्थलों पर एक समुदाय के दावों से जुड़े मामले न्यायालय में पहुंचे। शीर्ष अदालत ने कृष्ण जन्मभूमि मंदिर विवाद में मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद में सर्वे की अनुमति देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर 16 जनवरी को स्थगन लगा दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 12 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण आदेश में अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दर-



गाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया। उच्चतम न्यायालय के कुछ फैसलों के राजनीतिक प्रभाव भी रहे। चुनावी बांड मामले में 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने गुमनाम राजनीतिक चंदे की इस योजना पर रोक लगा दी और राजनीतिक जवाबदेही का रास्ता तय किया। चुनाव के दौरान मतदान के लिए मतपत्रों का फिर से इस्तेमाल शुरू करने के अनुरोध वाली याचिकाओं को शीर्ष अदालत ने स्वीकार नहीं किया। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में मुख्य याचिका 26 अप्रैल को और पुनर्विचार याचिका 30 जुलाई को खारिज कर दी थी। उसने कहा था, ''जब आप चुनाव जीत जाते हैं तब ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ हो जाती है।'' जब कुछ राज्यों में सरकारों ने दंडात्मक कार्रवाई के रूप में आरोपियों के घरों को गिराने के आदेश दिए तो शीर्ष अदालत ने 13 नवंबर को पूरे देश के लिए दिशानिर्देश बनाए। इसमें कहा गया कि कारण बताओ नोटिस के बिना और 15 दिन तक उसका जवाब देने की सीमा से पहले संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में धांधली के दावों के बाद 23 जुलाई को इस परीक्षा को स्थगित करने से मना कर दिया और कहा कि परीक्षा की शुचिता का क्रमबद्ध तरीके से उल्लंघन करने का कोई प्रमाण नहीं हैं। बड़े कॉर्पोरेट समूहों के मामले भी देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंचे। न्यायालय में तीन जनवरी को अदाणी समूह को उस समय बड़ी राहत मिली जब शीर्ष अदालत ने उस पर शेयर मूल्यों में छेड़छाड़ संबंधी आरोपों में जांच को किसी विशेष जांच दल या सीबीआई को हस्तांतरित करने से इनकार कर दिया।

## वर्दीधारी नायक: रेल भवन में एक व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए आरपीएसएफ के बहादुरों को सम्मानित किया गया

**नयी दिल्ली :** रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री मनोज यादव ने आज रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के कांस्टेबल कुलदीप, राजेश सैनी और ए/कॉय 14बीएन के शिवराज को क्रिसमस के दिन रेल भवन के पास हुई एक दुखद घटना के दौरान उनके अनुकरणीय साहस और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सम्मानित किया। रेल भवन में आयोजित समारोह में तीनों कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ 4,000 नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए, डीजी आरपीएफ ने उनकी बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी आपातस्थिति में भी इन कांस्टेबलों ने असाधारण साहस, सूझबूझ और कर्तव्य के प्रति गहरी भावना का परिचय दिया। उनके कार्यों ने आरपीएफ के मिशन की सेवा और



मानवता की भावना को दर्शाया।

यह घटना 25 दिसंबर को दोपहर करीब 3:15 बजे नई दिल्ली में रेल भवन के पास संसद गेट के सामने गोल चक्कर के पास हुई। 30 वर्षीय एक व्यक्ति, जिसकी बाद में बागपत निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में पहचान हुई, ने गोल चक्कर के पास पार्क के पास खुद को आग लगा ली और जब वह आग की लपटों में घिर गया, तो वह संसद क्षेत्र की ओर भागा।

सुरक्षा ड्यूटी के लिए रेल भवन के गेट-6 पर तैनात आरपीएसएफ कांस्टेबल कुलदीप, राजेश सैनी और शिवराज ने आगे बढ़कर तुरंत कार्रवाई की। उल्लेखनीय सूझबूझ के साथ, उन्होंने गेट पर मौजूद दो कंबलों से आग बुझाई और साथ ही आस-पास के लोगों की मदद भी ली। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया ने आस-पास खड़े लोगों की सुरक्षा की और स्थिति को और बिगड़ने से रोका।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लक्ष्य की निगाहें शुरुआती किंग कप इंटरनेशनल में अच्छे प्रदर्शन पर

**शेनजेन (चीन) :** भारत के लक्ष्य सेन शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित पहले किंग कप इंटरनेशनल बैडमिंटन ओपन में अच्छे प्रदर्शन से अपने सत्र का शानदार अंत करना चाहेंगे। इस महीने की शुरुआत में लखनऊ में सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाले अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य सेन तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ियों का सामना करेंगे। पेरिस ओलंपिक में प्लेऑफ हारने के बाद कांस्य पदक से चूकने वाले 12वीं रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के पहले दौर में 17वें स्थान पर काबिज हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग से भिड़ेंगे। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चीन के लिन डैन द्वारा शुरू किए गए इस टूर्नामेंट में आठ पुरुष एकल खिलाड़ी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, इसमें कोई रैंकिंग अंक नहीं होंगे क्योंकि यह बीडब्ल्यूएफ कैलेंडर का हिस्सा नहीं है।

### दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नयी दिल्ली :** भारतीय टीम श्रीलंका के कोलंबो में 12 से 21 जनवरी के बीच होने वाले दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम भी भाग लेंगी। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने यहां जारी बयान में कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की भागीदारी पूरे देश के लिए गर्व की बात है।' उन्होंने कहा, 'कोलंबो में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से न सिर्फ हमारे खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा बल्कि इससे खेलों में समान अवसर की महत्ता भी उजागर होगी।'

# बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया, आस्ट्रेलिया के छह विकेट पर 311 रन



**मेलबर्न :** विषम परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया जबकि आस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के आक्रामक अर्धशतक समेत शीर्ष क्रम के मजबूत प्रदर्शन के दम पर चौथे टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को छह विकेट पर 311 रन बना लिये। कोंस्टास के 65 गेंद में 60 रन ने जहां एमसीजी पर जुटे 80000 से अधिक दर्शकों में जोश भर दिया तो बुमराह के 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद दर्शक दीर्घा से 'बूम बूम बुमराह' का शोर भी सुनाई दिया। लगातार दो शतक बनाकर इस टेस्ट में उतरे ट्रेविस हेड से बुमराह की गेंद को भांपने में गलती हुई और वह 67वें ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श (चार) को आउट किया जबकि लंच के बाद उस्मान ख्वाजा (121 गेंद में 57 रन) को पवेलियन भेजा था। पहले दो सत्र का खेल आस्ट्रेलिया के नाम रहा जिसके लिये ख्वाजा और कोंस्टास के अलावा मार्नस लाबुशन (145 गेंद में 72 रन) और स्टीव स्मिथ (111 गेंद में नाबाद 68 रन) ने अर्धशतक लगाये। आखिरी सत्र बुमराह का रहा जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। बुमराह के अब श्रृंखला में 24 विकेट हो गए हैं। दूसरे छोर से उन्हें मोहम्मद सिराज से बिल्कुल मदद नहीं मिली जिन्होंने 15 ओवर में 69 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिली। आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर ने 12 ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं आकाश दीप ने 19 ओवर में 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा भी महंगे साबित हुए जिन्होंने कोंस्टास का विकेट लेने के बावजूद 14 ओवर में 54 रन दिये। सुबह के सत्र में कोंस्टास छाये रहे। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 19 बरस के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 52 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया और 65 गेंद में 60 रन बनाकर साबित कर दिया कि उन्हें अंतिम एकादश में रखने का फैसला कितना सही था। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले सत्र में कोंस्टास की भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर विराट कोहली से संक्षिप्त झड़प भी हुई। शुरुआत में कोंस्टास को भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खेलने में दिक्कत आई लेकिन पहले कुछ रन बनाने के बाद वह लय में आ गए। बेखौफ खेल दिखाते हुए उन्होंने बुमराह को रिवर्स स्वीप लगाकर चौका जड़ा और फिर मिड आन पर छक्का लगा दिया। इसके बाद उन्होंने थर्डमैन पर चौका लगाया। बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के पहले ही स्पैल में पहली बार दो छक्के पड़े हैं। इससे पहले टेस्ट मैच में उन्हें 2021 में कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया था। कोंस्टास ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाये। कोंस्टास ने अनुभवी उस्मान ख्वाजा (नाबाद 38) के साथ 89 रन की साझेदारी की। ख्वाजा ने 121 गेंद में 57 रन की संयम से भरी पारी खेली।

## विजय हजारे ट्रॉफी: कर्नाटक की रोमांचक जीत, मुंबई और महाराष्ट्र की बड़ी जीत

**अहमदाबाद :** मयंक अग्रवाल की नाबाद 139 रन की पारी से कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां पंजाब को एक विकेट से हराया, जबकि मुंबई और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मैचों में नौ विकेट के समान अंतर से जीत दर्ज की। हरियाणा ने एक अन्य मैच में झारखंड को 64 रन से हराया जबकि हैदराबाद में बारिश के कारण ग्रुप ई की टीमों केरल बनाम मध्य प्रदेश और बंगाल बनाम त्रिपुरा के मैच नहीं हो पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। कप्तान अग्रवाल ने नाबाद 139 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 247 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से अनमोलप्रीत सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उसके अन्य बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा (17), प्रभसिमरन सिंह (26), नेहल वढेरा (37), अनमोल मल्होत्रा (42) और सनवीर सिंह (35) दोहरे अंक में पहुंचे लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए। इसके जवाब में कर्नाटक ने लगातार विकेट गंवाए लेकिन अग्रवाल ने एक छोर संभाले रखा और 127 गेंदों की अपनी पारी में 17 चौके और तीन छक्के लगाए, जिससे उनकी टीम ने नौ विकेट पर 251 रन बनाए। मुंबई ने ग्रुप सी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ एकतरफा आसान जीत दर्ज की। उसने अरुणाचल को 32.2 ओवर में केवल 73 रन पर आउट कर दिया और इसके बाद 5.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। मुंबई की तरफ से अंगकृष रघुवंशी ने 18 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। महाराष्ट्र ने भी नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में ग्रुप बी के मैच में मेघालय को नौ विकेट से हरा दिया। मेघालय की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 113 रन पर आउट हो गई। महाराष्ट्र ने 19.2 ओवर में एक विकेट पर 115 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

## कोहली, कोंस्टास के बीच हुई तीखी झड़प, आईसीसी ने भारतीय स्टार पर लगाया जुर्माना



**मेलबर्न :** विराट कोहली और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को मैदान पर झड़प हो गई जिसके लिए भारतीय क्रिकेटर पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। आस्ट्रेलियाई पारी के दसवें ओवर के बाद जब खिलाड़ी एक दूसरे के सामने से गुजर रहे थे तब कोहली और कोंस्टास के कंधे टकरा गए। दोनों खिलाड़ियों ने पलटकर एक दूसरे को घूरकर देखा और कुछ बोले भी। इस बीच आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने आकर दोनों को अलग किया। मैदानी अंपायरों ने भी दोनों से बात की। मैदानी अंपायर जोएल विल्सन और माइकल गफ, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर शॉन क्रेग ने कोहली पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन करने का आरोप लगाया। कोहली ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, 'विराट कोहली पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के कारण उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है।' बयान के अनुसार, 'इस मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि कोहली ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया।'

## न्यूज अपडेट

### भारतीय महिला टीम की नजरें वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने पर

**वडोदरा :** भारतीय महिला टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में शुक्रवार को 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 300 से अधिक के स्कोर बनाये हैं। पहले मैच में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने वाली पत्रिका रावल ने दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। हरलीन देयोल ने दूसरे मैच में तीसरे नंबर पर उतरकर शतक जड़ा और वह इस लय को कायम रखना चाहेंगी। पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आत्मविश्वास से भरी लग रही हैं लेकिन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर ने तेज गेंदबाजी में अगुवाई की है जबकि युवा टिटास साधू को भी विकेट मिले हैं। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने भी प्रभावित किया है। यह मुकाबला चूंकि औपचारिकता का है लिहाजा भारतीय टीम में तनुजा कंवर और तेजल हसब्निस को उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिये अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके लिये सिर्फ हेली मैथ्यूज ही प्रभावित कर सकी हैं।

### बंगाल ने ओडिशा को हराकर 52वीं बार संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**हैदराबाद :** पश्चिम बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां ओडिशा को 3-1 से हराकर संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जा रही 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ओडिशा ने 25वें मिनट में राकेश ओरम के गोल से बढ़त हासिल की। लेकिन पश्चिम बंगाल ने नारोहारी श्रेष्ठ, रोबी हसंदा और स्थानापन्न मनोटोस माजी के गोल से जीत दर्ज कर 52वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### विजयवीर ने जीता पहला 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब

**नयी दिल्ली :** पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने बृहस्पतिवार को यहां चल रही 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पिस्टल स्पर्धाओं के लिए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा का अपना पहला खिताब जीता। पेरिस ओलंपियन विजयवीर ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 'आर्मी मार्कस्मैनशिप यूनिट' के साथी ओलंपियन गुरप्रीत सिंह को फाइनल में 28-25 से हराया। वायुसेना के शिवम शुक्ला 23 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विजयवीर क्वालीफिकेशन में 581 अंक हासिल से दूसरे स्थान पर रहे। वह उत्तर प्रदेश के अंकुर गोयल से पीछे रहे जिन्होंने 585 अंक हासिल किए। गुरप्रीत ने फाइनल के बाद घोषणा की कि यह उनकी आखिरी राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी क्योंकि वह कोचिंग की ओर रुख कर रहे हैं। वह 575 के स्कोर के साथ छठा और अंतिम स्थान हासिल करने में सफल रहे। जूनियर पुरुष आरएफपी में महाराष्ट्र के राजवर्धन आशुतोष पाटिल ने 31 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा दूसरे स्थान पर रहे जबकि राजस्थान के अभिनव चौधरी ने कांस्य पदक जीता।

### दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को 211 रन पर आउट किया

**सेंचुरियन :** डेन पैटरसन और कोर्बिन बॉश की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन गुरुवार को यहां पाकिस्तान को 211 रन पर आउट कर दिया। पैटरसन ने 61 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे बॉश ने 63 रन देकर चार विकेट हासिल किए। मार्को यानसन को भी एक विकेट मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान की पहली पारी 57.3 ओवर में समेट दी। पाकिस्तान की तरफ से कामरान गुलाम ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। उनके बाद दूसरा बड़ा स्कोर आठवें नंबर के बल्लेबाज अमीर जमाल (28) का था। मोहम्मद रिजवान में भी 27 रन का योगदान दिया। बॉश ने अपने टेस्ट करियर की पहली गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद (17) को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। वह बर्ट वोग्लर, डेन पीट, हार्डू विलजोएन और शेपो मोरेकी के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पांचवें दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए।



## सरकार ने कम राख वाले मेटलर्जिकल कोक के आयात पर छह महीने के लिए 'अंकुश' लगाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने कम राख वाले मेटलर्जिकल कोक के आयात पर एक जनवरी से 30 जून, 2025 तक छह महीने के लिए 'अंकुश' लगा दिया है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा सरकार ने ऑस्ट्रेलिया, चीन, कोलंबिया, इंडोनेशिया, जापान, पोलैंड, कतर, रूस, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन सहित कुछ देशों से आयात पर मात्रा संबंधी अंकुश (क्यूआर) लगाए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, इस साल अप्रैल में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के आधार पर, .... कम राख वाले मेटलर्जिकल कोक के आयात पर देश-वार क्यूआर के अनुसार छह महीने की अवधि के लिए अंकुश लगाया गया है। यह एक जनवरी, 2025 से 30 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। इसमें कहा गया है कि आयात की अनुमति केवल छह महीने के दौरान डीजीएफटी द्वारा निर्दिष्ट देश के लिए जारी आयात मंजूरी के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, उच्च राख सामग्री (18 प्रतिशत से अधिक) वाला कोक इस अंकुश के दायरे से बाहर है। देशवार अंकुश ऑस्ट्रेलिया के लिए 51,276 टन, चीन के लिए 78,646 टन, कोलंबिया के लिए 2,49,771 टन, इंडोनेशिया के लिए 66,364 टन, जापान के लिए 2,09,980 टन, पोलैंड के लिए 5,06,336 टन, कतर के लिए 1,620 टन, रूस के लिए 89,182 टन, सिंगापुर के लिए 46,478 टन, स्विट्जरलैंड के लिए 81,774 टन, ब्रिटेन के लिए 76 टन और अन्य के लिए 45,662 टन) हैं। अगले साल दो तिमाहियों - जनवरी-मार्च और अप्रैल-जून के दौरान आयात के लिए निर्दिष्ट क्यूआर लगाए गए हैं।

## जुबिलेंट फूड्स का खान-पान के उत्पादों की खरीद के लिए कोका-कोला से समझौता

**नयी दिल्ली :** जुबिलेंट फूड लिमिटेड (जेएफएल) ने स्पार्कलिंग (गैस वाले) पेय और अन्य उत्पाद खरीदने के लिए प्रमुख पेय उत्पाद कंपनी कोका-कोला कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इसके अलावा, जेएफएल, कोका-कोला के 'स्पार्कलिंग' और कुछ अन्य उत्पादों' के लिए विपणन गतिविधियों का संचालन भी करेगी। इसी महीने जेएफएल की मूल इकाई जुबिलेंट भरतिया ग्रुप के भारत में कोका-कोला की बॉटलिंग इकाई हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा के बाद यह एक बड़ा बदलाव है। अग्रणी त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) शृंखला जेएफएल ने वर्ष 2018 में पेप्सिको के साथ साझेदारी की थी और तब से वह अपनी क्यूएसआर शृंखलाओं में उन्हें सेवा दे रही है। जेएफएल फास्ट-फूड शृंखला डोमिनोज पिज्जा का संचालन करती है। हालांकि, मूल समूह द्वारा पेप्सिको की प्रतिद्वंद्वी कोका-कोला के बॉटलिंग परिचालन में हिस्सेदारी हासिल करने के बाद यह बदल गया। जुबिलेंट का कोका-कोला के साथ अनुमानित सौदा लगभग 10,000 करोड़ रुपये का है।

## आन्या पॉलिटेक एंड फर्टिलाइजर्स का 45 करोड़ रुपये का आईपीओ खुला

**नयी दिल्ली :** आन्या पॉलिटेक एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये करीब 45 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार में कदम रखा। कंपनी एचडीपीई और पीपी बैग, जिंक सल्फेट उर्वरक और कृषि जरूरतों के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व मिश्रण बनाती है। कंपनी अपने आईपीओ के जरिये 44.80 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज मंच पर सूचीबद्ध किया जाएगा। निर्गम का आकार 3,20,00,000 इक्विटी शेयरों का है, जिसका मूल्य दायरा 13-14 रुपये प्रति शेयर है।

# ठोस संकेतकों के अभाव में सेंसेक्स स्थिर, निफ्टी में मामूली बढ़त



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को किसी ठोस सकारात्मक संकेतक के अभाव में बीएसई सेंसेक्स स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी बाजार पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.39 अंक की नाममात्र की गिरावट के साथ 78,472.48 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 425.5 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी उतार-चढ़ाव के बीच 22.55 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,750.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में टाइटन, एशियन पेंट्स, नेस्ले, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, सन फार्मा, भारती एयरटेल और टाटा मोटर्स शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार में वायदा एवं विकल्प खंड में साल के अंतिम सौदों के मासिक निपटान के दिन घरेलू बाजार पूरे कारोबार के दौरान स्थिर रहा। दुनिया के अन्य बाजारों में अवकाश और किसी ठोस संकेतक के अभाव के बीच बाजार स्थिर रहा। हाल में आई गिरावट के बाद वाहन शेयर लाभ में रहे।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मजबूती के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट को लेकर चिंता से बाजार पर असर पड़ा। इसके साथ प्रतिकूल शुल्क दर की आशंका तथा 2025 में नीतिगत दर में कटौती को लेकर चिंता से बाजार स्थिर रहा।' छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.24 प्रतिशत टूटा, जबकि मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई मिडकैप 0.11 प्रतिशत चढ़ा।

## विनिर्माण में देश की अर्थव्यवस्था को बदल देने की क्षमताः चंद्रशेखरन



**नयी दिल्ली :** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की तरफ वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए विनिर्माण क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को बदल देने की क्षमता रखता है। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बनाने वाले टाटा समूह की नियंत्रक कंपनी के प्रमुख ने कर्मचारियों को नए साल के अपने संदेश में कहा कि मौजूदा वक्त 'भारत के लिए विनिर्माण का नया स्वर्णिम युग' है। चंद्रशेखरन ने वर्ष 2024 में टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा के निधन से उपजे दुख का जिक्र करते हुए कहा कि अब 'आशा और आशावाद की भावना के साथ' 2025 की ओर देख रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, जहां स्वास्थ्य सेवा और परिवहन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) की अगुवाई वाली उपलब्धियां पूरी मानवता की मदद कर सकती हैं वहीं विनिर्माण क्षेत्र के भीतर भारत की अर्थव्यवस्था को बदलने की क्षमता है। चंद्रशेखरन ने कहा, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं का भारत की तरफ रुख करना जारी है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े व्यवसाय जुझारूपन और दक्षता के बीच एक नया संतुलन बना रहे हैं। (कोविड-19) महामारी के समय एक अल्पकालिक प्रतिक्रिया की तरह लगने वाला यह रुझान कहीं अधिक स्थायी साबित हुआ है। उन्होंने अगले आधे दशक में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करने की टाटा समूह की योजनाओं को दोहराते हुए कहा कि ये रोजगार के अवसर बैटरी, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), सौर उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण हार्डवेयर का उत्पादन करने वाले कारखानों और परियोजनाओं में निवेश से पैदा होंगे। चंद्रशेखरन ने कहा कि पांच लाख नई नौकरियां सेवा क्षेत्र की उन नौकरियों के अलावा होंगी जिन्हें खुदरा, प्रौद्योगिकी सेवाओं, एयरलाइंस और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में पैदा होने की उम्मीद है।

### अदाणी समूह के 10 शेयरों में तेजी, अदाणी पोर्ट्स पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की 11 सूचीबद्ध कंपनियों में से 10 के शेयरों में बृहस्पतिवार को तेजी आई। शेयर बाजार में नरम रुख के बीच अदाणी पोर्ट्स का शेयर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा। अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 5.19 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। यह सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक लाभ कमाने वाले शेयरों में से एक रहा। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 3.22 प्रतिशत चढ़ा, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 2.67 प्रतिशत, अदाणी पावर 2.25 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज 1.75 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज 1.23 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 1.23 प्रतिशत, एसीसी 0.75 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 0.33 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस का शेयर 0.08 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, एनडीटीवी के शेयर में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई।

## न्यूज अपडेट

### सोने में 250 रुपये की तेजी, चांदी 300 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में लगातार तीसरे दिन भी तेजी जारी रही। आज चांदी की कीमत 300 रुपये की तेजी के साथ 90,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को 'क्रिसमस' के मौके पर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी मंगलवार को 250 रुपये बढ़कर 78,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसका पिछला बंद भाव 78,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### रिजर्व बैंक ने कृत्रिम मेधा के नैतिक उपयोग पर आठ-सदस्यीय समिति बनाई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार एवं नैतिक इस्तेमाल के बारे में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए बृहस्पतिवार को आठ-सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। आरबीआई ने बयान में कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्य इस समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति वैश्विक और घरेलू स्तर पर वित्तीय सेवाओं में एआई की स्वीकार्यता के वर्तमान स्तर का आकलन करेगी। यह वैश्विक स्तर पर वित्तीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए एआई पर नियामकीय एवं पर्यवेक्षी दृष्टिकोण की भी समीक्षा करेगी। यह पैनल एआई से जुड़े संभावित जोखिमों की भी पहचान करेगा। यह बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), वित्तीय-प्रौद्योगिकी फर्मों के लिए एआई से जुड़े जोखिमों के मूल्यांकन, निपटान, निगरानी ढांचे एवं अनुपालन बिंदुओं की सिफारिश करेगा। रिजर्व बैंक की इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद एआई पर विशेषज्ञ समिति बनाए जाने की घोषणा की गई थी। उसी घोषणा के अनुरूप आरबीआई ने इसके सदस्यों एवं उनके दायित्वों का ब्योरा जारी किया है। आरबीआई ने कहा कि समिति भारतीय वित्तीय क्षेत्र में एआई मॉडल एवं अनुप्रयोगों को जिम्मेदार, नैतिक रूप से अपनाने से संबंधित संचालन पहलुओं की एक रूपरेखा की सिफारिश करेगी।

### भारत ने चीन से एलएनजी ईंधन टैंक के आयात की डंपिंग-रोधी जांच की शुरू

**नयी दिल्ली :** भारत ने एक घरेलू कंपनी की शिकायत के बाद चीन से एलएनजी ईंधन टैंक की कथित डंपिंग की जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईंधन टैंकों की डंपिंग की जांच कर रहा है। इसके आयात से कथित तौर पर घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंच रहा है। आइनॉक्स इंडिया लिमिटेड ने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की अपील करते हुए एक आवेदन दायर किया है। इसमें कहा गया है कि सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। इन टैंकों का इस्तेमाल ट्रक जैसे बड़े वाहनों में मीथेन गैस को रखने और ले जाने के लिए किया जाता है। डीजीटीआर ने अधिसूचना में कहा, '' घरेलू उद्योग के आवेदन के आधार पर तथा विषयगत वस्तुओं की डंपिंग के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों से प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने के बाद...प्राधिकारी डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है।'' घरेलू कंपनियों को डंपिंग से नुकसान होने की बात साबित होने पर डीजीटीआर इन आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। शुल्क लगाने का अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय लेता है। डंपिंग-रोधी जांच विभिन्न देशों द्वारा यह पता लगाने के लिए की जाती है कि सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान तो नहीं पहुंच रहा।

वर्ष 9, पूर्णांक 4101 अंक 251, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in